डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक






PG-8
सिनेमा-कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की बेटी अंतरा ने किया था यह दिलेर काम



## संक्षिप्त समाचार

### राज्य में किसी से गठबंधन नहीं करेगी कांग्रेस, 24 विधानसभा क्षेत्रों में अकेले लड़ेगी चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कर्नाटक।** कांग्रेस के मुखिया ने कहा कि कांग्रेस 224 विधानसभा क्षेत्रों में अकेले लड़ेगी और हमें विश्वास है कि हम 130 से अधिक सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ



सरकार बनाएंगे। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य में गठबंधन नहीं होगा। कांग्रेस 224 विधानसभा क्षेत्रों में अकेले लड़ेगी और हमें विश्वास है कि हम 130 से अधिक सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

### कांग्रेस अध्यक्ष पद पर 'राहुल की हां ना' से ऊहापोह

कांग्रेस के एक नेता का कहना है कि राहुल गांधी के अध्यक्ष नहीं बनने पर एक विकल्प यह भी हो सकता है कि सोनिया गांधी अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद पर बनी रहें और दो-तीन वरिष्ठ नेताओं को कार्यकारी अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाए। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का समय नजदीक है, इसके साथ ही पार्टी में ऊहापोह की स्थिति है। पार्टी के भीतर चर्चा तेज है कि अगर राहुल गांधी फिर से कमान संभालने के लिए तैयार नहीं होते हैं तो फिर विकल्प क्या होगा सितंबर में पार्टी को अपना नया अध्यक्ष चुनना है। लंबे समय से अशोक गहलोत को यह जिम्मेदारी सौंपने की खबरें आती रही हैं लेकिन 15 अगस्त के बाद अंबिका सोनी को लेकर चर्चा तेज हुई है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के भीतर मंथन चल रहा है। अगर राहुल तैयार नहीं होते हैं तो गांधी परिवार के किसी विश्वासपात्र को कमान सौंपी जाए या फिर सोनिया ही अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालती रहें। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू होनी है और 20 सितंबर तक इसे पूरा होना है।

## अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बोले- राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही 'आपकेंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को भारत का नागरिक नहीं माना जाएगा। उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। इसके लिए विदेश मंत्रालय बातचीत कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यहां रहने वाले और अवैध प्रवासी रोहिंग्या को मुफ्त पानी, बिजली, राशन दिया जाता है। अब उन्हें दिल्ली सरकार फ्लैट भी देगी। उन्होंने फिर झूठ बोला है। रेवड़ी बांटी है। अरविंद केजरीवाल डिटेंशन सेंटर क्यों नहीं तैयार कर पाए। क्या एश् जागेंगे और जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि रोहिंग्या को बाहर करने की प्रक्रिया जारी है। गृह मंत्रालय ने भी स्थिति साफ कर दी है।उन्होंने कहा कि आप सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जैसा कि हमने पहले कहा है कि अवैध अप्रवासियों को यहां आश्रय नहीं दिया जाएगा। विदेश मंत्रालय उन्हें उनके देशों में वापस भेजने के लिए बातचीत कर रहा है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को भारत का नागरिक नहीं माना जाएगा। उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। इसके लिए विदेश मंत्रालय बातचीत कर रहा है।




## मवेशी तस्करी मामलाः आज कोर्ट में पेश होंगे टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।**सीबीआई ने 2020 में पशु तस्करी के मामले में केस दर्ज किया था। इसमें अनुब्रत मंडल का नाम भी सामने आया था। सीबीआई के मुताबिक 2015 से 2017 के दौरान सीमा सुरक्षा बल को 20,000 से ज्यादा पशुओं के कटे सिर मिले थे। पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले उन्हें मेडिकल के लिए ले जाया गया। सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को छापा मारकर 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने उन्हें 10 दिन की हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई इस मामले में मंडल के बॉडीगार्ड सैगल हुसैन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को सीबीआई ने अनुब्रत की बोलपुर स्थित भोले बम राइस मिल में छापेमारी की थी। यहां पर पर टीम को पांच महंगी कारें मिली थीं। इनमें से एक कार पर बंगाल सरकार का स्टीकर लगा हुआ है। सारी गाडियां सीबीआई की टीम अपने साथ लेकर



आई। राइस मिल में पत्नी व बेटी की हिस्सेदारी राइस मिले में हुई छापेमारी में सीबीआई को अहम दस्तावेज भी मिले हैं। इस राइस मिल में अनुब्रत की दिवंगत पतनी की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत और बेटी सुकन्या की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जब राइस मिल में छापेमारी के लिए सीबीआई की टीम पहुंची, तो दरवाजा बंद कर दिया गया और टीम को घुसने से रोक दिया गया था। इसके बाद सीबीआई ने दरवाजा तोड़ने की धमकी दी, जिसके बाद उसे खोला गया। बता दें, अनुब्रत ने 2011 के बाद यह राइस मिल हराधन मंडल से खरीदी थी। 2020 में दर्ज किया था केस सीबीआई ने 2020 में पशु तस्करी के मामले में केस दर्ज किया था। इसमें अनुब्रत मंडल का नाम भी सामने आया था। सीबीआई के मुताबिक 2015 से 2017 के दौरान सीमा सुरक्षा बल को 20,000 से ज्यादा पशुओं के कटे सिर मिले थे। इस मामले में पिछले दिनों उन्हें सीबीआई ने तलब किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी ने बीरभूम जिले में उनके करीबी लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। वहां से भारी संख्या में नकदी बरामद हुए थे।

## डिजिटल डेटा के मुद्रीकरण की हो रही समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** 1000 करोड़ राजस्व जुटाने की थी योजना1,000 करोड़ रुपये तक का राजस्व तैयार करने के लिए रेलवे अपने पास मौजूद डिजिटल डाटा और ग्राहकों को पर्सनल डाटा बैंक का मुद्रीकरण करने जा रहा था। इसके लिए पिछले सप्ताह ही एक सलाहकार को नियुक्त करने के लिए निविदा जारी की गई थी।इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ग्राहकों के डेटा के जरिए राजस्व जुटाने के अपने फैसले की फिर से समीक्षा कर रहा है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि इस योजना को आगे बढ़ाने से पहले सरकार संसद में डेटा संरक्षण विधेयक के पारित होने का इंतजार करेगी। दरअसल, 1,000 करोड़ रुपये तक का राजस्व तैयार करने के लिए रेलवे अपने पास मौजूद डिजिटल डाटा और ग्राहकों को पर्सनल डाटा बैंक का मुद्रीकरण करने जा रहा था। इसके लिए पिछले सप्ताह ही एक



सलाहकार को नियुक्त करने के लिए निविदा जारी की गई थी। रेलवे की इस योजना की भारी आलोचना हुई थी, जिसके बाद अधिकारी इसकी समीक्षा कर रहे हैं। 29 अगस्त तक मांगी गई हैं निविदाएं आईआरसीटीसी ने सलाहकार नियुक्त करने के लिए 29 अगस्त तक निविदा मांगी हैं। अधिकारियों का कहना है कि ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा के मुद्रीकरण का प्रशन ही नहीं है। हमने केवल इसके लिए एक निविदा जारी की है कि एक सलाहकार डेटा के मुद्रीकरण के लिए एक रोडमैप तैयार करेगा और उसका अध्ययन करेगा, जिससे व्यक्तिगत गोपनीयता और कानून भंग न हो। रेलवे के पास डिजिटल डाटा का भंडार बता दें कि पहले खबर आई थी कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) अपने पास मौजूद ग्राहकों का विशाल डाटा बेचकर 1000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की योजना बना रहा है। इसके लिए कॉरपोरेशन ने सलाहकार की नियुक्ति के लिए टेंडर जारी किया है। हाल में ही जारी इस टेंडर में कहा गया है, आईआरसीटीसी के पास विशाल डिजिटल डाटा का भंडार है, जो मौद्रीकरण की अपार संभावनाएं पैदा करता है। फैसले की हो रही जमकर आलोचना आईआरसीटीसी की ओर से जारी इस निविदा की खबर सामने आने के बाद इस फैसले की जमकर आलोचना होने लगी।

## स्पाइसजेट के पायलट इन कमांड का लाइसेंस 6 महीने के लिए निलंबित एक मई को हुआ था हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** स्पाइसजेट एयरलाइन की मुंबई-दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) विमान में एक मई को 13 यात्रियों




को आई चोट के मामले में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कार्रवाई की है। डीजीसीए ने इस मामले में सह-पायलट के इनपुट को नजरअंदाज करने के दोषी पाए गए पायलट-इन-कमांड के लाइसेंस को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। बता दें कि एक मई को मुंबई से दुर्गापुर जा रहे बोइंग बी737 विमान को उतरते समय गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करना पड़ा था जिसके परिणामस्वरूप कुछ यात्रियों को चोटें आई थीं। बता दें कि डीजीसीए इससे पहले विमान रखरखाव इंजीनियर और स्पाइसजेट के रखरखाव नियंत्रण केंद्र के प्रभारी को भी हटा दिया था। एक मई को स्पाइसजेट के विमान बोईंग बी737 ने मुंबई से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित काजी नजरुल इस्लाम एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। जब यह विमान लैंड करने वाला था तभी गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ में फंस गया। इस दौरान विमान को लगे झटके से केबिन में रखे सामान यात्रियों के ऊपर आ गिरे, जिससे यात्रियों को सिर में चोटें आईं। लैंडिंग के बाद घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें कि तीन केबिन क्रू सदस्य भी इसमें घायल हुए थे। इस पूरे मामले में विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने खेज जताया था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा था कि एक मई को स्पाइसजेट का बोइंग बी737 विमान मुंबई से दुर्गापुर की उड़ान एसजी-945 संचालित करने के दौरान हवाईअड्डे पर उतर रहा था, तभी उसे समय गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ का सामना करना पड़ा, जिसके चलते दुर्भाग्यवश कुछ यात्रियों को चोटें आईं। हम घायलों को हरंसभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

## राजीव गांधी की जयंती 'पापा आप दिल में हैं राहुल ने साझा किया भावुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** राहुल गांधी ने ट्विटर हैंडल पर लिखा,पापा, आप हर पल मेरे साथ, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि देश के लिए जो सपना आपने देखा, उसे पूरा कर सकूं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री व दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी की आज 78वीं जयंती है। इस मौके पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने उनके समाधि स्थल वीर भूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रॉबर्ट वाड्रा के अलावा कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य नेता भी मौजूद रहे। राजीव गांधी की जयंती पर राहुल गांधी ने अपने पिता को खास तरीके से याद किया। उन्होंने ट्विटर पर एक भावुक वीडियो साझा किया और लिखा, पापा, आप हर पल मेरे साथ, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि देश के लिए जो सपना आपने देखा, उसे पूरा कर सकूं।राजीव गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, मैं देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके अलावा कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती पर हम उन्हें शत शत नमन करते हैं। 21वीं सदी के भारत के वास्तुकार के रूप में यह उनकी दूरदर्शिता ही थी, जिसने भारत में आईटी और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की। आज हम उनकी विरासत का जशन मनाते हैं।



## 26/11 जैसे हमले की साजिशः मुंबई उड़ाने की पूरी तैयारी है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। कहा गया है कि मैसेज भेजने वाले की पड़ताल की जा रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है। मायानगरी मुंबई को एक बार फिर से दहलाने की साजिश रची जा रही है। इस



संबंध में मुंबई पुलिस के व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा मैसेज आया है। इस मैसेज में कहा गया हे कि मुंबई को उड़ाने की पूरी तैयारी है। कभी भी हमला किया जा सकता है। धमकी देने वाले ने कहा है कि यह हमला 26/11 हमले जैसा होगा। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। कहा गया है कि मैसेज भेजने वाले की पड़ताल की जा रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है। मैसेज में कहा गया है कि मेरी जांच करोगे तो लोकेशन पाकिस्तान दिखाएगी, लेकिन धमाका मुंबई में होगा। धमकी देने वाले ने मैसेज में लिखा है कि भारत में इस हमले को छह लोग अंजाम देंगे।

## अगले महीने भारत आ सकती हैं बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** व्यापार-सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा तयशेख हसीना पांच से आठ सितंबर के बीच भारत में ही रहेंगी। वह जयपुर और अजमेर शरीफ की यात्रा करेंगी। हालांकि, हसीना पांच से आठ सितंबर के बीच भारत में ही रहेंगी। वह जयपुर और अजमेर शरीफ की यात्रा करेंगी। हालांकि, इससे पहले उनके व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता की संभावना है। इस



इससे पहले उनके व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता की संभावना है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले महीने भारत आ सकती हैं। जानकारी के मुताबिक, हसीना पांच सितंबर को चार दिवसयी भारत यात्रा पर आएंगी। कोरोना महामारी के बाद यह उनकी पहली दिल्ली यात्रा होगी। सूत्रों की मानें तो शेख हसीना की यात्रा के संबंध में जरूरी प्रोटोकॉल पर चर्चा क लिए ढाका के अधिकारियों की एक टीम पहले से ही भारत पहुंच चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शेख दौरान दोनो नेता वर्चुअल माध्यम से बांग्लादेश से भारत के लिए संयुक्त रूप से 'स्वाधीनता सड़क' का भी उद्घाटन कर सकते हैं। व्यापार व रक्षा मुद्दों पर हो सकती है बातचीत जानकारी के मुताबिक, छह सितंबर को दोनों देशों के नेताओं के बीच व्यापार, संपर्क व रक्षा संबंधों को लेकर द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। इस दौरान सीमा प्रबंधन व नदी बंटवारा जैसे मुद्दों पर भी बातचीत होने की संभावना है। दरअसल, हसीना आखिरी बार 2019 में भारत आई थीं।

# जहां एक और प्रदेश में शांति सुरक्षा एवं समृद्धि के बल पर देश को उत्तम प्रदेश घोषित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** जा रहा है वही सरकार के भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही से जनता मौत के मुंह में समाने को तैयार है ऐसा वाक्या बाल भारती इंटर कॉलेज नैनी एडीए कॉलोनी के समीप पिछले 2 महीने से लगातार कुछ अंतराल पर होता आ रहा है ,आए दिन पोल पर शार्ट सर्किट से भीषण आग का सामना जनता को देखने को मिल रहा है एवं दहशत में रह रही है। जनता अब इस भयावह हादसे की आदी बन चुकी है ,बुधवार शाम तो हद ही हो गई जब रात 9:30 पर तार आपस में सटकर शार्ट सर्किट से जलने लगे तत्काल पावर हाउस में फोन करने के पश्चात भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अगले 45 मिनट तक नहीं हुई इस बीच स्थानीय एसडीओ को भी सूचित किया गया परंतु सिर्फ जनता को आश्वासन मिलता रहा इससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त हो गया और स्वयं जीवन की रक्षा करने के लिए आग बुझाने के लिए मोहल्ले के लोगों ने बालू का सहारा लेकर आग पर काबू पाया। घटनाक्रम के काफी देर के बाद बिजली विभाग के 2 संविदा कर्मी आकर तात्कालिक रूप से रात भर के लिए बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रारंभ किए एवं अधिकारियों से वायर बदलने को कहने की बात अधिकारियों से बोलने को कहे। स्थानीय जनता का कहना है कि बार-बार फोन मिलाने पर भी अवर अभियंता टी एस एल विद्युत उपकेंद्र श्री अमित राय का फोन नहीं लग रहा तथा एसडीओ द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की जा रही पिछले एक माह में चार से पांच बार ऐसा हादसा होने पर बार-बार पंच वायर बदलने की बात कही जाती है लेकिन किसी बड़े हादसे के इंतजार में शायद यह अधिकारी मौन व्रत धारण किए बैठे हैं। इस बात की शिकायत स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से मौखिक रूप से की है परंतु किसी प्रकार कोई सही उत्तर ना मिलता है और ना ही इस बीमारी का इलाज किया जाता है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने हैं पर पूर्ण रूप से सक्रिय हैं परंतु स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारी सिर्फ संविदा कमिर्यों पर आश्रित होकर मौज काट रहे हैं। श्री अमित राय की लापरवाही का खामियाजा निश्चित रूप से बाल भारती इंटर कॉलेज के समीप की जनता को बहुत जल्द भुगतना पड़ेगा और तब प्रदेश सरकार मृतकों के लिए एवं भुक्तभोगी परिवार के लिए मुआवजे की घोषणा कर शायद किसी अधिकारी को कुछ माह के लिए सस्पेंड कर दें लेकिन यह सब होने से पहले ही अगर यह अधिकारी सबक ले ले तो लोगों की जान बच सकती है।

# दोपहर 12 बजे कुटुंब वेलफेयर सोसाइटी के मुख्य कार्यालय पर 15 अगस्त को संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** कराए जा रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम के संबंध में बैठक संपन्न हुई जिसमें नारायण वाटिका प्रयागराज में दोपहर 12:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा हुई कुटुंब अध्यक्ष जूही जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एडीजी जोन प्रेम प्रकाश जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री नंदी जी, मेयर अभिलाषा जी, सांसद केसरी देवी ,के साथ-साथ मुरारी लाल अग्रवाल जी, एमएलसी केपी श्रीवास्तव जी, कौशल्या नंदगिरी, कृतिका अग्रवाल,आई जी राकेश सिंह, डीएफओ महावीर जी, विजय अरोड़ा सहित शहर के कई विशिष्ट नागरिक अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे बैठक में 15 अगस्त को होने वाले अमृत महोत्सव में शैक्षिक रक्तदान शिविर निशुल्क विधिक सहायता शिविर व स्वास्थ्य मेले और कुटुंब हाट के साथ होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवम् 500 पौधों के वितरण एवं अपनी पाठशाला में प्रथम आए बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिए जाने के संबंध में संस्था के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई बैठक में प्रमुख रूप से डॉ सचिन प्रकाश ,अमरेश जायसवाल, अनिमेष अग्रवाल, संजीव चावला, सुधांशु अग्रहरी ,कुलदीप सिंह ,रागिनी पाठक ,राजेश जायसवाल ,इमरान अहमद, सलमान अहमद, सहित कई सदस्यों की उपस्थिति रही।

# लखनऊ 18 अगस्त 2022( सूचना विभाग )


(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने 11 से 17 अगस्त तक आजादी के 75वीं वर्षगाठ के विभिन्न कार्यक्रमों के समापन के दौरान बताया कि कोई भी व्यक्ति, कोई भी घर, समाज आजादी महोत्सव से वंचित न रहे यही शासन की मंशा थी। जनपद लखनऊ के गलियों/मोहल्लों, बाजारों, स्कूलों, संस्था, चौराहों, सरकारी भवनों, गैर सरकारी भवनों इत्यादि को भव्यतापूर्ण महोत्सव का हिस्सा बने और इस उत्सव का हिस्सा बने साथ ही साथ हमारे शिक्षक संस्थानों ने, रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोशिएशन, व्यापार मण्डल आदि ने बढ़चढ़ कर भाग लिया जिसके लिये जनता को धन्यावाद दिया। मण्डलायुक्त ने बताया कि 75वें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जनपद प्रशासन का अच्छा समन्वय रहा। जिला प्रसाशन, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम आदि ने योजनाबद्ध तरीके से विभिनन प्रकार के कार्यक्रम



आयोजित करके जनता को जोड़ा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, लखनऊ विकास प्राधिकरण(उपाध्यक्ष) ऊर्जावान, परिश्रमी अधिकारी है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक टीम भावना के साथ कार्य किया। सारी व्यवस्थाओं की रखवाली करते हुए सर्तकर्ता पुलिस के द्वारा रखी गई। उन्होंने पुलिस कमीशन्र की पूरी टीम, जिला प्रशासन के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों से अपील कि हम सभी लोग इसी टीम भावना/समर्पण के साथ अपने लखनऊ की जनता के लिए आगे भी कार्य करते रहे। संविधान के अनुसार सामाजिक समता में विश्वास करे और सामाजिक न्याय के लिये प्रतिबद्ध रहें। हमारे सामने खड़े जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये हमसे सम्भव हर प्रयास करें। अपने कर्तव्य और दूसरे के अधिकार के प्रति सजक रहे और सर्वपरी अपने देश की एकता/भाईचारा बनाये रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करें।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों ( स्वतंत्र और वरिष्ठ पत्रकारों ) से पूर्णकालिक होने का हलफनामा मांगा है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** इस हलफनामे में इस बात की शपथ पत्र देना होगा कि वे पूर्णकालिक पत्रकार हैं, कोई अन्य व्यवसाय तो नहीं कर रहे हैं।


उत्तर प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग
(प्रेस प्रभाग)

अखबार का स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक होने के बावजूद राज्य मुख्यालय की मान्यता के साथ जिले की मान्यता जिसने ले रखी है, उन्हें भी अपनी स्थिति को स्पष्ट करना होगा। हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू भाषा का ज्ञान न होने के बावजूद इन्हीं भाषा के अखबारों से राज्य मुख्यालय की मान्यता ले रखी है तो भी बताना होगा। राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों के हलफनामे को जांचने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पत्रकारों की एक कमेटी बनाई है। सूचना विभाग राज्य मुख्यालय के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को नोटिस भेज कर जल्द से जल्द हलफनामा माँगा जा रहा है। सूचना विभाग फर्जी और नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले पत्रकारों की मान्यता समाप्त करने के साथ ही विधिक करवाई करने की तैयारी में है।

# प्रयागराज में हुआ हुनर का आगाज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** आज़ादी के अमृत मोहत्सव के उपलक्ष में अखिल भारतीय संस्था सुरसरिता के द्वारा आगाज़ - एक पहल सपनों की ओर ओपन माइक प्रयाग संगीत समिति में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उतर प्रदेश के 120 प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य कविता में बढ़ चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पे महारानी चाय के संस्थापक प्रमोद कुमार बंसल जी तथा प्रधानाचार्य पारुल बलदेव सोलमन भी प्रस्तुत रहे। प्रयाग संगीत समिति के सचिव श्री अरूण कुमार जी विशिष्ठ स्थिति के तौर पर शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन पावरफुल वूमेन अवार्ड की विनर और प्रेरक वक्ता अनुभूति दीक्षित जी द्वारा किया गया सुरसरिता की सचिव श्रै उमा दिक्षित ने धन्यवाद भाषण दिया।




# मां गंगा ने बड़े हनुमानजी को कराया स्नान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** भागीरथी और बजरंग बली के गूंजे जयकारेउफनाई गंगा की लहरों ने बृहस्पतिवार की रात संगम स्थित बड़े हनुमान का अभिषेक किया। गर्भगृह में मां गंगा के प्रवेश करने के साथ ही गगनभेदी जयकारे गूंजने लगे। महंत बलवीर गिरि ने पुजारियों,सेवादारों और भक्तों की मौजूदगी में मां गंगा का दुग्धाभिषेक करने के बाद सविधि आरती की इसी के साथ तटवर्ती इलाकों में बाढ़ ने दस्तक दे दी है। जिला प्रशासन ने 99 बाढ़ चौकियां स्थापित करते हुए राहत और बचाव कार्य के लिए सतर्क रहने का निर्देश जारी किया है। कोटा बैराज से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गंगा-यमुना में उफान आ गया है। बृहस्पतिवार को फाफामऊ में गंगा सात सेंमी प्रतिघंटा और नैनी में यमुना चार सेंमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ती रहीं।रात करीब 11:30 बजे मां गंगा ने बड़े हनुमान को सनन कराया। इसी साथ मां गंगा और बड़े हनुमान के जयकारे गूंजने लगे। महंत बलवीर गिरि ने बड़े हनुमान की को नया श्वेत वस्त्र धारण कराया। इसी के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर सविधि पूजा, आरती की गई। उधर, बेली कछार के अलावा शिवकुटी, बघाड़ा और सलोरी में गंगा ने दस्तक दे दी है। कहा जा रहा है कि जल स्तर इसी तरह बढ़ा तो कछारी इलाकों



में घर बनाने वालों के सामने मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रामघाट,काली घाट डूब गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक रात आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.56 मीटर दर्ज किया गया। इसी तरह छतनाग में गंगा 80.81 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 81.47 मीटर रिकार्ड किया गया।कछार में घरों की तरफ बढ़ा पानी, बढ़ी चिंता गंगा और यमुना नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से कछार के निचले इलाकों में रहने वालों की चिंता बढ़ गई है। दोनों नदियों का पानी इन बस्तियों के कगार तक पहुंच गया है और जलस्तर में बढ़ोतरी नहीं थमी तो एक-दो दिनों में पानी घरों में घुस जाएगा। इस खतरे को देखते हुए लोगों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। बघाड़ा कछार में बसे बृजेश मौर्या के सामने बाढ़ का पानी पहुंच गया है। इसी रफ्तार से जल स्तर में बढ़ोतरी जारी रही तो शुक्रवार रात तक उनके सामने वाली सड़क डूब जाएगी। बृजेश की आटे की चक्की है। उनका कहना है कि पानी बढ़ने पर चक्की खोलकर तथा अन्य सामान ऊपरी मंजिल पर ले जाएंगे। बघाड़ा के ही रोशन सिंह ने घर का सामान प्रथम तल पर ले जाने की तैयारी कर ली है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष कई घरों का एक मंजिल पूरी तरह से डूब गया था। ऊंचवागढ़ी में मुख्य मार्ग से गंगा का पानी काफी दूर है लेकिन लोगों की नजर वहां के नालों पर हर समय बनी हुई है।

# श्री कृष्ण के जन्म पर पीएसी जवानों ने 25 राउंड फायरिंग कर दी सलामी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** शुक्रवार को जिले भर के साथ ही पीएसी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। परंपरागत रूप से भगवान कृष्ण की झांकी सजाकर पूजा अर्चना की गई। कीर्तन मंडली ने ठाकुरजी के भजनों का गुणगान किया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। 33वीं वाहिनी पीएसी में भी देर रात हुए जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्री कृष्ण के जन्म होते ही पीएसी जवानों द्वारा 25 राउंड फायरिंग और 6 राउन्ड पीएमएफ फायर कर भगवान कृष्ण को सलामी दी गई। इस दौरान वाहिनी के सेनानायक ने कहा कि वैसे तो भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पूरे हिंदुस्तान में मनाया जाता है लेकिन पुलिस विभाग का विशेष लगाव रहता है। क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण की जेल में पैदा हुए थे। इसलिए पुलिस विभाग बड़े हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मना रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी सहित स्थानीय लोगों की काफी भीड़ रही।

# बाइक छोड़ने के बाद लुटेरों ने बदले थे कपड़े

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** सीसीटीवी में आए नजरपुलिस ने इस मामले में हॉस्टल के एक छात्र को भी उठाया है। दरअसल, इसके बारे में पुलिस को पता चला है कि उसके कुछ साथियों की गतिविधियां संदिग्ध है। घटना वाले दिन उसकी लोकेशन भी घटनास्थल के आसपास मिली है। पुलिस के साथ ही एसओजी की टीम भी उससे पूछताछ में जुटी है। कर्नलगंज में सरिया व्यापारियों से 6.05 लाख की लूट करने वाले बदमाशों ने बाइक छोड़ने के लिए साथ ही कपड़े भी बदले थे। इसका खुलासा सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल में सामने आया है। उधर पुलिस ने इस मामले में एक हॉस्टलर को भी पकड़ा है। जिससे पूछताछ जारी है। जांच पड़ताल के दौरान एक चौंकाने वाली बात सामने आई। पता चला कि बदमाशों ने राजापुर में बाइक छोड़ने के बाद अपने कपड़े भी बदले थे। जहां बाइक मिली, उस स्थान पर जाते वक्त उनके कपड़े वही थे जो उन्होंने घटनास्थल पर पहन रखे थे। हालांकि, बाइक छोड़कर लौटते वक्त उनके कपड़े बदले हुए थे। वहां से बदमाश पैदल ही निकले और फिर स्टैनली रोड पर पहुंचकर भीड़ में गुम हो गए। माना जा रहा है कि पुलिस को चकमा देने के लिए ही उन्होंने कपड़े बदले। फिलहाल पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि लुटेरों की तलाश की जा रही है। टीमें लगाई गई हैं, जो खुलासे के प्रयास में लगी हैं। शक के आधार पर उठाया गया सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में हॉस्टल के एक छात्र को भी उठाया है। दरअसल, इसके बारे में पुलिस को पता चला है कि उसके कुछ साथियों की गतिविधियां संदिग्ध है। घटना वाले दिन उसकी लोकेशन भी घटनास्थल के आसपास मिली है। पुलिस के साथ ही एसओजी की टीम भी उससे पूछताछ में जुटी है। पहले भी कर चुके हैं वारदात सूत्रों का कहना है कि यह गिरोह पहले भी लूट की वारदात कर चुके हैं। इससे पहले भी वारदात में अपाचे बाइक का ही इस्तेमाल किया गया था। एक बदमाश को चिह्नित कर लिया गया है। जिसके बारे में पता चला है कि वह हर बार वारदात के बाद बाइक कुछ दिनों के लिए कहीं छोड़ देता है। उसकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

# मनोहारी झांकियों से श्रीकृष्ण मय हुआ वातावरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** देखें नटवर नागर की तस्वीरेंरंग-बिरंगे फूलों के मोहक वंदनवार, रंगोलियों, दीपमालाओं और ध्वजा-पताकाओं से सजे मठ-मंदिरों से लेकर घरों तक की छटा बृहस्पतिवार की आधी रात बदल गई। मौका था बंशी बजइया कान्हा के जन्मोत्सव का। भादों की आधी रात रिमझिम फुहारों के बीच कृष्ण भक्तों का ज्वार उमड़ पड़ा। जन्मोत्सव के इस मौके को सोहर, मंगल गीतों, भजनों से संगीतमय बनाया गया। संगमनगरी में कहीं गोवर्धन पर्वत उठाए कान्हा के दर्शन से भक्त निहाल हुए तो कहीं ग्वाल बालों के साथ राधा-कृष्ण के रास रचाने की। भाद्रपद कृष्णपक्ष की अष्टमी पर रात 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्म होते ही बधाई बजने लगी। बलुआ घाट स्थित इस्कॉन मंदिर में रंग-बिरंगे फूलों, झालरों से भव्य झांकी सजाई गई। सूरज ढलने के बाद से ही मंदिर में झांकी दर्शन के लिए भक्तों का तांता लग गयामंत्रोच्चार के बीच श्रीकृष्ण भगवान का चांदी के कलश से महाभिषेक किया गया। फिर उन्हें 108 व्यंजनों का भोग अर्पित कर उसे प्रसाद भक्तों को बांटा गया। इस मौके पर स्वामी पूर्णकांतदास, नंदन दास, अद्वैत आचार्य दास समेत कई आचार्यों की मौजूदगी में जन्मोत्सव की धूम मची रही। रूप गौड़ीय मठ में नटवर नागर नंदा की झांकी देखने के लिए रात आठ बजे ही भीड़ लग गई। इसी तरह सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन मंदिर में भी भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। रूप गौड़ीय मठ में भी भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की नयनाभिराम झांकी सजाई गई। भक्तों ने भजन-कीर्तन के जरिए श्रीकृष्ण की महिमा का बखान किया। इसी तरह महाशक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर परिसर स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शंखध्वनि, नगाड़े की गूंज के बीच श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पुजारी श्यामजी पाठक ने प्रसाद वितरित किया। उधर, सिद्धपीठ भोलेगिरि मंदिर में जन्मोत्सव पर मोहक श्रृंगार कर पूजन किया गया। उधर, त्रिवेणी बांध स्थित देवरहा बाबा सेवाश्रम में डॉ रामेश्वर प्रपननचार्य की देखरेख में बाल रूप कृष्ण का पंचामृत से सनन कराकर पूजन किया गया। लूकरगंज स्थित श्रीकृष्णा भवन में भी सोमवार को जन्मोत्सव की यादगार झांकी कोविड प्रोटोकॉल में सजाई गई। आयोजन सचिव डॉ निखिल सक्सेना की मौजूदगी में भगवान कृष्ण की बाल लीला पर आधारित झांकियां सजाई गईं। रात 12 बजे आरती उतारी गई। इस मौके पर अरुण कुमार सक्सेना, शशि सक्सेना, अमित सक्सेना, नीतेश, आराध्या, निष्ठा समेत कई लोग मौजूद रहे। इसी तरह मीरापुर स्थित मां ललितादेवी के मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। फूलों से श्रृंगार किया गया। इसी के साथ मंदिर में छह दिवसीय जन्मोत्सव



आरंभ हो गया। शुक्रवार को मेजा में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह मंदिरों को भव्य रूप दिया गया था। मेजा थाने में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इलाके के मेजिया, अंतरी अमिलिया, नेवढिया, मरहा, अखरी शाहपुर, चपरतला, विसहिजन कला, विसहिजन खुर्द, डेलौंहा, बंधवा सहित कई गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बंधवा गांव में स्थित शिव मंदिर को भव्य रूप दिया गया था। इस दौरान संगम लाल शुक्ला, सच्चिदानंद शुक्ला, अशोक शुक्ला, डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ला, विमलेश पांडेय, विंध्यवासिनी प्रसाद पांडेय, ज्ञान शंकर शुक्ल, व्यास मंगला प्रसाद शुक्ल, अवनीश शुक्ला, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं मेजा थाने पर आयोजित कार्यक्रम में तिवारी बंधुओं ने गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजक थानाध्यक्ष मेजा धीरेंद्र सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# पूर्वोत्तर रेलवे के यांत्रिक कारखाना मे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वाधीनता दिवसः सेवानिवृत्त स्टाफ हुए सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर पूर्वोत्तर रेलवे के यांत्रिक कारखाना गोरखपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि व मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना श्री योगेश मोहन ने ध्वजारोहरण किया।इस अवसर पर उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल सलामी गारद का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में यांत्रिक कारखाना कला समीति के कलाकारों द्वारा देश प्रेम पर आधारित राष्ट्रगान देश भक्ति गान तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर योगेश मोहन ने यांत्रिक कारखाना गोरखपुर की उपलब्धियों एवं कारखाना कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर यांत्रिक कारखाना गोरखपुर से सेवा निवृत्त हुए 90 वर्ष के 05 भूतपूर्व रेल कमिर्यों को सम्मानित किया। समारोह के उपरान्त मुख्य कारखाना प्रबन्धक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कारखाना प्रांगण में पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन कारखाना कार्मिक अधिकारी श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर यांत्रिक कारखाना एवं भंडार डिपो के अधिकारी कर्मचारी तथा यूनियन के पदाधिकारी एवं अन्य रेल कर्मी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 अगस्त 2022 को सिगनल कारखाना गोरखपुर छावनी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यकारखाना प्रबन्धक एम0पी0 सिंह ने ध्वजारोहरण किया।इस अवसर पर उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल सलामी गारद का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली।समारोह में सिगनल कारखाना के वरिष्ठ अधिकारी रेलवे सुरक्षा बल जवान तथा अन्य कारखाना कर्मी उपस्थित थे। पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार मुख्य कारखाना प्रबन्धक एम0पी 0 सिंह ने देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उपस्थित रेल कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए सिगनल कारखाना,गोरखपुर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।उन्होंने सिगनल कारखाना द्वारा उत्पादित किये जाने वाले मुख्य उत्पादों जैसे-इलेक्ट्रिक प्वाइंट मशीन, क्लैम्प प्वाइंट लॉक और आधुनिक इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर के संबंध में बताते हुए कहा कि अब हम वार्षिक 4000 इलेक्ट्रिक प्वाइंट मशीनों के उत्पादन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि विभिनन्‍ प्रकार के रिले के उत्पादन में बढ़ोत्तरी कर 40000 रिले बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे कि भारतीय रेल पर अन्य क्षेत्रीय रेलों की मांगों को सिगनल कारखाना द्वारा पूरा किया जा सके।



# पूर्वोत्तर रेलवे मे सद्भावना दिवस पर विशेष................

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मण्डल रेल प्रबंधक ने जाति- सम्प्रदाय-क्षेत्र-धर्म- की भेदभाव से परे भावनात्मक एकता की दिलाई शपथ पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर 18 अगस्त 2022 को सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रम पाण्डेय ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यलय के मुख्य प्रवेश द्वार पर मंडल कार्यालय पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में शपथ दिलायी कि वे अपने कार्यक्षेत्र में जाति,सम्प्रदाय, क्षेत्र,धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करेंगे इसके साथ ही रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह भी शपथ ली कि सभी प्रकार के मतभेद बिना हिंसा का सहारा लिए बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाएँगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) एस0पी0 एस यादव,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय)श्री राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्रीमती प्रीती वर्मा,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) ए0के0 सक्सेना,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पावर) आलोक केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) ए के सिंह, वरिष्ठ मंडल आंकड़ा संसाधन प्रबंधक एस0एन0 राम समेत सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को सद्भावना की दिलायी गयी। इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जन सम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी है।




# बलियाःसुरहताल से बढ़ेगी किसानों की आय मुख्य सचिव ने कई स्थलों का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** उत्तर-प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ जनपद के कई स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने विजयीपुर स्थित कटहल नाले के रेगुलेटर का निरीक्षण किया और अभियंता अरुण कुमार मिश्र से इसके संबंध में जानकारी हासिल की इसके बाद जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय गए और वहां पर हो रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति कल्पलता पांडे से विश्वविद्यालय में हो रहे निर्माण के कायी और समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सचिव श्री मिश्र सुरहाताल गए और वहां पर उन्होंने सुरहाताल के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने सुझाव दिया कि सुरहताल को साफ किया जाए। उसके उपरांत इसमें मछली पालन करके किसानों की आय बढ़ाई जाए। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सुरहाताल को अभ्यारण्य के रूप में विकसित करते समय ध्यान रखा जाए कि किसी भी किसान की जमीन इसमें ना आने पाए और किसी प्रकार का जमीनी विवाद उत्पनन्‍ ना हो। साथ ही उन्होंने किसानों से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए भी कहा। सुरहा ताल के परिसर में मुख्य सचिव ने हरिशंकरी के पौधे का रोपण किया। मुख्य सचिव ने अपने बचपन के स्कूल लक्ष्मी राज इंटर कॉलेज में गए और वहां पर उन्होंने विद्यालय के विद्याथिर्यों और अध्यापकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि 1972 में उन्होंने इस स्कूल में पढ़ाई की थी। इसके उपरांत रांची चले गए, जहां आगे की उनकी पढ़ाई हुई। मुख्य सचिव ने भृगु मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना भी की। इसके बाद मुख्य सचिव पीडब्लुयूडी के निरीक्षण भवन गए, जहां पर उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय सोनाडीह सीयर जूनियर बालिका अंडर-17 ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप फुटबॉल टीम की सदस्य कुमारी आंचल, कुमारी नीतू पांडे, कुमारी निगम भारती को राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीम में चयन होने पर प्रमाण पत्र और फुटबॉल सामग्री दी। फुटबॉल टीम की इन खिलाडियों ने मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि हमारे यहां फुटबॉल खेलने के लिए कोई ग्राउंड नहीं है। इस दिशा में ठोस पहल करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, सीडीओ प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी साथ थे।

# बलिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता फिंगर रबड क्लोन के साथ पांच एएइझ् संचालक गिरफ्तार ; खुले कई राज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के सहतवार थाना पुलिस, साइबर सेल व एसओजी की संयुक्त टीम ने ग्राहकों के खातों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन लैपटाप मय उपकरण, एक थर्मल रीसिप्टर प्रिन्टर, दो एटीएम स्वैपिंग मशीन, छह फिंगर प्रिन्ट स्कैनिंग मशीन, छह फिंगर प्रिन्ट का रबड क्लोन, 17 फर्जी मुहर, छह अंगुठा लगा हुआ फोटो स्टेट आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने धारा 66डी आईटी एक्ट व 419, 420, 467, 471, 120-बी आईपीसी के तहत सभी अभियुक्तों को चालान न्यायालय कर दिया। एएसपी डीपी तिवारी व सीओ बांसडीह के पर्यवेक्षण में गठित एसओजी,साईबर सेल सहतवार थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को हड़िहाकला स्थित फिनो पेमेन्ट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से सीएसपी संचालक संदीप वर्मा पुत्र विशाल वर्मा (निवासी : हडिहाकला, रेवती), सेन्ट्रल बैंक रेवती के सीएसपी संचालक संतोष यादव पुत्र हरेकृष्ण यादव (निवासी : रामपुर मशरीक, रेवती), छपरा सारिव के सीएसपी संचालक सूरज यादव पुत्र लक्ष्मण यादव (निवासी : हडिहाकला, रेवती), विनोद कुमार शर्मा पुत्र रामनाथ शर्मा (निवासी : स्टेशन रोड मालगोदाम, कोतवाली बलिया) तथा रमेश यादव उर्फ पिन्टू पुत्र देवन यादव (निवासी : वार्ड नं. 03 कस्बा रेवती) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से साईबर अपराध में इस्तेमाल किये जा रहे उपरकरण बरामद किये गये। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि 20 अगस्त 2021 को कुसौरी कला के इन्द्र प्रकाश पाण्डेय हडिहाकला में सीएसपी संचालक संदीप वर्मा के ययां से 5000 रुपया निकालने गये थे। संचालक द्वारा उनके एसबीआई खाते से 2,50,000/- (02 लाख पचार हजार) रुपये निकाल लिया गया था। इस सम्बन्ध में सहतवार पुलिस ने धारा 67डी आईटी एक्ट का पंजीकृत किया था। अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि छपरा सारिव की श्रीमती किशा देवी द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र से पैसा निकालते समय उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड की फोटो कापी लेकर आनलाइन फर्जी खाता खोला गया था। इसी खाते में इन्द्र प्रकाश पाण्डेय सहित कई अन्य ग्राहकों के पैसे ट्रान्सफर कर एटीएम से नगद रुपये निकालकर सभी आपस में बांट लिये थे।



# सीएम योगी बोले बलिया में बढ़ेंगी सुविधाए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** इस बागी धरती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह पहुंचकर बलिदान दिवस पर क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान योगी ने हुंकार भरते हुए कहा कि बलिया को तीन साल पहले ही मेडिकल कॉलेज मिल जाना चाहिए था। मैं मुख्य सचिव को साथ लेकर आया हूं जो शाम तक यहां रहेंगे और क्रांतिकारियों की स्मृति में मेडिकल कॉलेज देकर जाएंगे। इस दौरान जिले के परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का नाम लेते हुए कहा कि यहां एयरपोर्ट जैसा रोडवेज स्टेशन बनाइए और कुछ इलेक्ट्रिक बसें भी चलवाएं। शिक्षकों से भी अपील की- यहां की गांव-गांव की क्रांति को पुस्तक का रूप दें। हम उसे प्रकाशित कराएंगे। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बलिया के क्रांतिकारियों के बलिदान ने जनपद को नई पहचान दी। बलिया पौराणिक स्थल का प्रतीक है। यहां एक तरफ मां गंगा तो दूसरी तरफ मां सरयू का पवित्र संगम है। अंग्रेजों ने भारतीयों पर क्रूरता की। उन्हें बैरकपुर की छावनी में मारकर जलाने का काम बलिया के लाल मंगल पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भारत छोड़ो आंदोलन का एलान किया तो चित्तू पांडेय के नेतृत्व में यहां का तूफान आगे बढ़ा।आजादी के अमृत महोत्सव जैसे कार्यक्रम हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं। 1942 में तो बलिया ने अपने आप को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। 50 हजार लोगों ने जेल पर धावा बोलकर चित्तू पांडेय आदि को आजाद करा लिया था। मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई।कोरोना काल में प्रधानमंत्री के अच्छे मैनेजमेंट का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आने वाले दिनों में विश्व में नेतृत्वकर्ता के रूप उभर कर सामने आएगा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-से लिंक कर ढाई घंटे में लखनऊ पहुंचाएंगे।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विवण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल **प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **31 अगस्त 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 7 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय ओबरा विधानसभा क्षेत्र के डाला बारी के क्षेत्रीय कार्यालय पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निषाद पार्टी का सातवा स्थापना दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया मंगलवार को ओबरा विधानसभा क्षेत्र के डाला बाडी के क्षेत्रीय कार्यालय पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का सातवा स्थापना दिवस समारोह अनिकेत निषाद जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम से केक काट कर एक दूसरे को केक खिलाकर जशन मनाया गया इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि हम सब निषाद पार्टी के मंशानुरूप निष्ठावान रहकर हमेशा कार्य करेंगे साथ ही पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाने में पार्टी के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलेंगे इस दौरान कार्यक्रम में अनिकेत निषाद जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष रामनारायण गोंड युवा मोर्चा जिला महासचिव गोविंद भारद्वाज शिव शंकर साहनी बिजली निषाद जी बनारसी निषाद अंशु पटेल अनिकेत श्रीवास्तव संदीप निषाद दीपक आदित्य तिवारी आदि कार्यकर्ता सामिल रहें।






# दूद्धी विधायक रामदुलारे गौड का जन्मदिन डाला में पत्रकारों ने मनाया धूमधाम से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय डाला शहीद स्थल पर आज माननीय दुद्धी विधायक राम दुलारे गौड का जन्मदिन डाला के पत्रकार भाइयों के साथ अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाए आज सोमवार को दुद्धी विधायक माननीय राम दुलारे गौड ने डाला पहुंचकर सर्वप्रथम शहीद स्थल पर शहीदों को याद कर मालर्पण किया उसके पश्चात जन्मदिन के अवसर पर शहीद स्थल के बगल में केक काटकर पत्रकार साथियों के द्वारा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया डाला के पत्रकार भाइयों को विधायक जी के द्वारा बधाई देते हुए आग के लिए रवाना हुए इस मौके पर डॉक्टर बीपी शर्मा वरिष्ठ



पत्रकार, अशोक कनौजिया, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार अग्रहरि, शोएब अहमद, मंटू शर्मा, मिथिलेश भारद्वाज, अभिषेक , तथा अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# दो किग्रा 500ग्राम गांजा हुआ बरामद एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना करमा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त प्रदीप पटेल पुत्र इन्द्रदेव पटेल निवासी ग्राम तालर, थाना अहरौरा, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 2 किग्रा 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया । उपरोक्त बरामदगी के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 114/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है । **गिरफ्तारी का विवरण -** 01. प्रदीप पटेल पुत्र इन्द्रदेव पटेल निवासी ग्राम तालर, थाना अहरौरा, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 22 वर्ष । **बरामदगी का विवरण-** 1- 02 किग्रा 500 ग्राम गांजा । 2- एक अदद मोटरसाइकिल **पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 रुपेश कुमार सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र । 2. हे0का0 योगेन्द्र उपाध्याय, थाना करमा, जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 चंदन सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र ।



# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं कि सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान ''मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं नियमों तथा महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के सम्बंध में विस्तृत रुप से जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके । इसके साथ ही महिलाओं/बालिकाओं को जागरुकता सम्बंधी पम्पलेट भी वितरित किया गया । इसके अतिरिक्त जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आमजनमानस विशेषकर बालिकाओं एवं महिलाओं से सम्पर्क कर उनसे वार्ता की गयी तथा उन्हें विभिन्न सरकारी नम्बरों, कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला सम्बंधित मामलों से निपटने हेतु जागरुक किया गया ।



# सीतापुर में खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही नकली सरसों का तेल बनाने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लालपुर बाजार में संगम जयसवाल की दुकान ईगल इंटरप्राइजेज पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही टीम ने मिले हुए तेल के सैंपल लेकर जांच के लिये भेजा व तक़रीबन 196 पिपो को किया सील खाद्य विभाग टीम व लहरपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से की छापेमारी।





# दस वर्ष पूर्व हुई धनेसरी हत्याकांड में 10वर्ष कि हुई कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए 10 वर्ष पूर्व हुए धनेसरी हत्याकांड के मामले में दोषसिद्ध पाकर दोषी रामकिसुन गोड़ को 10 वर्ष की कैद एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के बघमनवा बिल्ली मारकुंडी गांव निवासी रामदेव गोड़ पुत्र समरत ने 28 नवंबर 2012 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका सगा भाई रामकिसुन गोड़ हाथ में कुल्हाड़ी लेकर 6:30 बजे आया और आग ताप रही बुआ धनेसरी देवी को भूत करने का आरोप लगाते हुए कई वार कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ हो गई। तत्काल बुआ को चोपन सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दवा-इलाज के दौरान बुआ धनेसरी देवी की मौत हो गई। इस






तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामकिसुन गोड़ को 10 वर्ष की कैद एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने बहस की।

# साईबर कैफे में फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने का काम हो रहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साइबर कैफे के संचालक एवं पोस्ट आफिस में काम करने वाले एक व्यक्ति कि मिली भगत सें फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के खेल को बहुत दिनों से खेला जा रहा था कितनो का भविष्य खराब हो गया हो गा पैसा लेकर खुद के स्तर से ही बेखौफ तरीके से जन्म, मृत्यु



व अन्य ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सत्यापन के बाद इन प्रमाण पत्रों की असलियत सामने आती है।की वो स्केनिग है बृहस्पतिवार को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला सामने आया है। आखिर कार स्वास्थ्य विभाग का आईडी पासवर्ड आडि कैसे बाहर गई या फर्जी आईडी के आधार पर बनाया जा रहा ये तो जांच का विषय है हालांकि की केकराही की रहने वाली महिला अपने नातिनों का जन्म प्रमाण पत्र के लिए गयी तो उससे दो का 200 लिया गया और उसको बना के दे दिया गया जब इसका मामला स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पता चला तो हड़कंप मच गया संतोषी पुत्र ओम प्रकाश के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी हो गया जन्म प्रमाण पत्र देखते ही फर्जी लगा, उन्होंने प्रमाणपत्र पर अंकित नंबर को पोर्टल पर डालकर सत्यापन किया तो पता चला कि इस नंबर से कोई प्रमाण-पत्र जारी ही नहीं हुआ है। संबंधित प्रकरण को सीएमओ से जानकारी लेकर साईबर कैफे के ख़िलाह एफआईआर दर्ज कराया जाएगा साइबर कैफे पर बन रहे फर्जी प्रमाण पत्र आसपास कॉमन सर्विस सेंटरों व लोकवाणी केंद्रों के संचालक पैसे लेकर कोई भी प्रमाण पत्र स्कैन कर जारी कर देते है।पोस्ट आफिस का एक कर्मचारी और साईबर कैफे के ताल मेल से जन्म प्रमाण पत्र का है खेल खेल रहा है ।आखिर कार जल्द नही हुई कार्यवाई तो कितनो का भविष्य खतरे में हो जाएगा।

# सर्वोदय इंटर कॉलेज बिना अशोक चक्र वाले तिरंगे से निकली प्रभात फेरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोन (सोनभद्र)।** नवसृजित ब्लाक कोन के सर्वोदय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर बिना अशोक चक्र वाला तिरंगा प्रभात फेरी में लेकर चलने का तस्वीरे वायरल हो गया।सर्वोदय इंटर कॉलेज कोन में सोमवार को 15अगस्त पर कार्यक्रम हुए। इसका वीडियो वायरल हो रहा जिसमें इंटर कॉलेज में प्रभात फेरी के समय झंडे में चक्र नहीं है। इसका तस्वीरें वायरल हुआ तो क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा होने लगी शिक्षकों को अशोक चक्र न होने की पहले से थी जानकारी ग्रामीणों ने बताया कि इंटर कॉलेज के शिक्षकों को इस बात की जानकारी थी कि इस झंडे में अशोक चक्र नहीं है। बावजूद उनके द्वारा इसकी मनमानी की गई। वहीं जब स्थानीय लोगों की इस पर नजर पड़ी तो आसपास के लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस सम्बंध में प्रधानाचार्य ने कोन थाने में लिखित माफी नामा देकर कहा कि भविष्य में दुबारा नही होगा। देखने की बात है कि जब बच्चे घर से तिरंगा लाये थे तो सभी तिरंगा एक साइज के कैसे । अध्यापक अपनी कमी को छुपाते हुए बच्चों पर डाल कर अपने को किनारा कस रहे हैं जो न्याय संगत नही हैं। यदि माफी सके तिरंगे का सम्मान नही जायेगा तो अन्य पहले लोगों पर मुकदमे क्यों।

# मूल धर्म व पूजा पद्धति को छोड़ने वाले जनजाति नहीं हो सकते -गणेश राम भगत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला (सोनभद्र)।**स्थानीय नगर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय जनजाति कार्यशाला चुनार में शामिल होने जा रहे पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गणेश राम भगत का पुर्व मंडल



अध्यक्ष मुकेश जैन व मंडल महामंत्री संदीप सिंह मोनू के नेतृत्व में माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया व भारत माता की जय के नारे लगाए गए। गुरुवार को छत्तीसगढ़ से अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच कार्यशाला चुनार में शामिल होने जा रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री व अखिल भारतीय जनजाति के संयोजक गणेश राम भगत का काफिला डाला बाजार में पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोककर गर्म जोशी से माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच कार्यशाला में देश के कोने-कोने से जनजाति सुरक्षा मंच के प्रतिनिधियों का समागम होगा जहां जनजाति विषयों पर आधारित वार्ता होगी। धर्मांतरित जो लोग हैं उनका आरक्षण समाप्त होना चाहिए मूल धर्म व पूजा पद्धति को छोड़ने वाले जनजाति नहीं हो सकते।इनका आरक्षण समाप्त होते ही गिरीवासी, बनवासी, जनजाति, अगड़े, पिछड़े जो लोग हैं उनको आने वाले दिनों में इसका अवश्य लाभ मिलेगा। धर्म परिवर्तन करने वालों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए वार्ता की जाएगी जो वापस मुख्यधारा में नहीं आएगा उन्हें दोहरा लाभ न मिलने पाए इसके लिए सूचियों से नाम हटाने की योजना बनाई जाएगी।प्रयास यह रहेगा की जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है वह घर वापसी कर के मुख्य धारा में शामिल हो जाएं।इस दौरान रामविचार नेताम, वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संगठन मंत्री शिव प्रसाद,जिला उपाध्यक्ष देवनारायण खरवार, संतोष अग्रहरी, राजू शुक्ला,सदन साहू,रिशु जायसवाल, विशाल कुमार, अवनीश पांडेय,रजत कुमार, आलोक कुमार,राजेश पटेल, सारदा अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

# अनपरा पुलिस ने चार पहिया वाहन से चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के मद्देनजर वह अनपरा पुलिस महोदय व क्षेत्राधिकारी परवरिश प्रदीप सिंह चंदेल द्वारा गठित टीम अनपरा प्रभारी निरीक्षक श्री कांत राय, रेनू सागर चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ,एसआई विनोद यादव, हेड कांस्टेबल सरवन प्रजापति, कॉन्स्टेबल अभिनव पांडे ,अजय वर्मा, विनीत सिंह , राविंनस तिवारी ,सचिन सिंह, तरुण कुमार पुलिस द्वारा आज दिनांक 19 / 08/ 2022 को रात्रि 02.10।एचएचसीएल कॉलोनी मोड डिबुलगंज से 0495 7792 को गिरफ्तार किया गया जबकि 1 चोर मौके से भागने में सफल रहा इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल चोरी के मोबाइल चोरी के चांदी के पायल वह लैपटॉप डेस्कटॉप बरामद हुआ इनके द्वारा थाना क्षेत्र में दिनांक 1 18/ 8/22 की रात्रि में वार फाल ककरी से मोटरसाइकिल ळझ् 64 4990 विकी गई जो बरामद किया गया। जबकि उसी स्थान से दो मोबाइल भी चुराए हैं हैं जिस के संबंध में म0अ0स'0144/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। 2 दि0 18/07/2022 होंडा एजेंसी के पीछे आदर्श नगर और केमिस्ट्री सरफराज इकबाल का लैपटॉप लेनेवो मय डाटा मय डाटा केबल। 3 दि0 26/07/22 मैकस डायगनेस्टिक सेंटर औडी मोड में चोरी हुई जिस के संबंध में मु0अ0स0143/2022 धारा 380 भादवी पंजीकृत है जिसमें एक आईफोन व एक मोबाइल रियलमी व ?500 बरामद है। 4 करीब 10 माह पूर्व वानाला से चोरी हुआ था जिसमें पायल व सिक्के बरामद हुए। 5 थाना पिपरी के रेणुकूट से करीब एक डेढ़ माह पूर्व डेक्सटॉप कीबोर्ड यूपीएस केबल डाटा सीपीयू चोरी किया गया था। अवगत कराना है कि उपरोक्त घटनाओं की चोरियों का खुलासा हुआ है इसके अतिरिक्त जिस चार पहिया वाहन वैगनआर 640216 से चोरी करने जाते थे या चोरी करके सामान ले जाते थे वह भी गाड़ी बरामद कर ली गई पकड़े गए अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुके हैं इनकी गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। नाम पता अभियुक्तः- 1- सूरज कुमार बिंद उर्फ सुनील पुत्र गणेश बिंद उम्र 23 वर्ष निवासी डब्लू आई कॉलोनी थाना अनपरा जनपद सोनभद्र। 2ः-कृपाशंकर स्वीपर पुत्र छोटेलाल उम्र 22 वर्ष निवासी फर्स्ट टाइप कॉलोनी स्वीपर बस्ती थाना अनपरा जनपद सोनभद्र। 3;-राजा स्वीपर पुत्र जगदीश उम्र 23 वर्ष निवासी दुराशनी मंदिर औडी मोड थाना अनपरा जनपद सोनभद्र। 4ः- घमडी धरिकार पुत्र श्याम नारायण धरिकार उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र। बरामदगीः-1ः- लेनेवो का डेस्कटॉप एक दत मॉनिटर 2ः- लेनेवो कीबोर्ड मय वायर एक अदद3ः-लेनेवो सीपीयू एक अदद 4ः-डाटा केबल एक अदद होल्डर दोनों तरफ लंबाई 1.5 मीटर 5ः-डाटा केबल दो अदद एक तरफ होल्डर एक तरफ प्लुग।







# मान्यता प्राप्त पत्रकारों ( स्वतंत्र और वरिष्ठ पत्रकारों ) को अब देना होंगा हलफनामा-विवेक पाण्डेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पूर्वांचल मीडिया क्लब के अध्यक्ष/वरिष्ठ पत्रकार विवेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश सरकार सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, (प्रेस प्रभाग) / सू0 एवज0सं0वि0 (प्रेस) 19/2022 लखनऊ 5 अगस्त, 2022 शासन के पत्रांक संख्या-38 / वि0स0सू0वि0 / 2002, दिनांक 01 अगस्त, 2022 के साथ संलग्न हंसराज समाजसेवी, गोमतीनगर, लखनऊ के शिकायती पत्र में उल्लिखित शिकायतों के संबंध में सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। उपरोक्त संदर्भ में रू0 100/- के शपथ पत्र पर किसी भी समाचार पत्र के सम्पादक/ स्वामी/प्रकाशक होने अथवा न होने, जिस संस्थान से मान्यता हैं उसके अतिरिक्त किसी अन्य भी संस्थान में कार्यरत होने अथवा न होने, पत्रकारिता के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य न किये जाने के साथ ही यदि आपकी मान्यता उर्दू समाचार पत्र /उर्दू चैनल से है तो उर्दू भाषा की जानकारी से संबंधित प्रमाण-पत्र के संबंध में आख्या/ रिपोर्ट दिनांक 16 अगस्त, 2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि शासन को ससमय अवगत कराया जा सके। (शिशिर) सूचना निदेशक उ.प्र. के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को अब निमनलिखित बिंदुओं पर देना होगा हलफनामा सूचना निदेशक ने जारी किया आदेश, हलफनामा की सत्यता जांच नें हेतु गठित होगी विभागीय समिति, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों (स्वतंत्र और वरिष्ठ पत्रकारों) से पूर्णकालिक होने का हलफनामा मांगा है। इस हलफनामे में इस बात की शपथ पत्र देना होगा कि वे पूर्णकालिक पत्रकार हैं, कोई अन्य व्यवसाय तो नहीं कर रहे हैं। अखबार का स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक होने के बावजूद राज्य मुख्यालय की मान्यता के साथ जिले की मान्यता जिसने ले रखी है, उन्हें भी अपनी स्थिति को स्पष्ट करना होगा। हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू भाषा का ज्ञान न होने के बावजूद इन्हीं भाषा के अखबारों से राज्य मुख्यालय की मान्यता ले रखी है तो भी बताना होगा। राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों के हलफनामे को जांच ने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पत्रकारों की एक कमेटी बनाई है। सूचना विभाग राज्य मुख्यालय के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को नोटिस भेज कर जल्द से जल्द हलफनामा माँगा जा रहा है।

# इस पूर्व दिग्गज ने बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड से खेलने का दिया था ऑफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** यहां अटक गई थी बात, जानेंहाल ही में प्रकाशित अपनी एक पुस्तक 'ब्लैक एंड व्हाइट' में रॉस टेलर ने खुलासा किया कि 2010 में स्टोक्स उनके साथ डरहम के लिए खेलते थे। तब उन्होंने स्टोक्स से पूछा था कि क्या वह



न्यूजीलैंड के लिए खेलना चाहते हैं? स्टोक्स ने इसमें गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। इंग्लैंड में 2019 में हुए वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड चैंपियन बन सकती थी, अगर 12 साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बड़ी गलती नहीं की होती। रॉस टेलर न्यूजीलैंड की जीत के हीरो हो सकते थे, अगर 12 साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण फैसले पर हामी भर दी होती। हालांकि, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के एक गलत फैसले ने उनसे जीत छीन ली। न्यूजीलैंड में जन्मे बेन स्टोक्स इंग्लैंड के लिए खेले और उनकी जीत के हीरो बने और मौजूदा समय के दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। हाल ही में प्रकाशित अपनी एक पुस्तक 'ब्लैक एंड व्हाइट' में रॉस टेलर ने खुलासा किया कि 2010 में स्टोक्स उनके साथ डरहम के लिए खेलते थे। तब उन्होंने स्टोक्स से पूछा था कि क्या वह न्यूजीलैंड के लिए खेलना चाहते हैं? स्टोक्स ने इसमें गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। टेलर ने बताया कि मैं स्टोक्स को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के तत्कालीन सीईओ जस्टिन वॉन के पास भी पहुंचे थे। टेलर ने बताया- स्टोक्स 18 या 19 वर्ष के थे और मन से एक कीवी खिलाड़ी ही थी। जब मैंने उनसे पूछा कि क्या वह न्यूजीलैंड के लिए खेलना चाहते हैं। इस पर वह उत्सुक नजर आए और इसलिए मैंने न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ जस्टिन वॉन को एक संदेश भेजा कि स्टोक्स नाम का खिलाड़ी वास्तव में एक अच्छा युवा क्रिकेटर है और न्यूजीलैंड के लिए खेलने में दिलचस्पी रखता था। हालांकि, वॉन ने तब स्टोक्स को सीधे राष्ट्रीय टीम में खिलाने की बजाय घरेलू क्रिकेट से धीरे-धीरे शुरुआत करने को कहा था। टेलर ने बताया कि उन्हें पता था कि स्टोक्स को न्यूजीलैंड टीम में अपने भविष्य को लेकर बोर्ड से एक मजबूत आश्वासन की जरूरत है। तभी वह खेलने के लिए तैयार होते। टेलर ने कहा कि उन्होंने वॉन को मनाने की कोशिश की थी कि स्टोक्स से इससे ज्यादा बड़े आश्वासन की जरूरत है। उसे राष्ट्रीय टीम से एक बार खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। टेलर ने बताया कि स्टोक्स न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर ईमानदार थे, लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड और वॉन के फैसले ने उन्हें ऐसा करने नहीं दिया। स्टोक्स ने इसके बाद इंग्लैंड के लिए खेलने का मन बना लिया था। स्टोक्स ने भी एक इंटरव्यू में इस घटना का थोड़ा बहुत जिक्र किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 17 साल की उम्र में मैंने इंग्लैंड के लिए खेलने का मन बना लिया था। मैं अब खुद को अंग्रेज कहता हूं। इंग्लैंड शिफ्ट होने के बाद स्टोक्स ने सीनियर काउंटी टीम में जगह बना ली। 2011 में उन्होंने इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया। 2019 वर्ल्ड कप के दौरान लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर जो कुछ हुआ, वह अब सबके सामने है। स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 2019 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 241 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने भी 50 ओवर में 241 रन बनाए। स्टोक्स ने 84 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसके बाद स्टोक्स ने सुपर ओवर में इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। इंग्लैंड की टीम पहली बार वनडे चैंपियन बनी थी।

# अभ्यास के दौरान 100 कैच पकड़ने के बाद भी नहीं थकते विराट


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोच ने बताया कैसे सीखी स्लिप फील्डिंग शुरुआत में विराट के लिए स्लिप में फील्डिंग करना आसान नहीं था, लेकिन समय के साथ उन्होंने खुद को नियंत्रित करना सीखा और अब वो स्लिप में भी कैच पकड़ने के मामले में सबसे आगे हैं। टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली खराब



फॉर्म से जूझ रहे हैं। साल 2019 में अपने करियर का आखिरी शतक लगाने वाले कोहली भले ही बड़ा शतक न बना रहे हों, लेकिन वो अभी भी टीम के लिए अहम योगदान देने की क्षमता रखते हैं। अपने करियर के सबसे खराब दौर में भी कोहली ने कई अर्धशतकीय पारियों खेली हैं और उनका औसत ज्यादा खराब नहीं है। इसके अलावा विराट अपनी फील्डिंग से भी टीम की जीत में अहम योगदान देते हैं। 2011 विश्व कप में युवराज और रैना के साथ अपनी फील्डिंग के चलते चर्चा में आने वाले विराट 11 साल बाद भी टीम के सबसे बेहतरीन फील्डिरों में शामिल हैं। साल 2011 में विराट अक्सर तीस गज के दायरे के अंदर फील्डिंग करते थे और अफनी टीम के रन बचाते थे, लेकिन समय के साथ उन्होंने अपनी फील्डिंग और बेहतर की। अब कप्तान अपनी जरूरत के हिसाब से विराट को मैदान के किसी भी कोने में खड़ा कर सकते हैं। स्लिप में फील्डिंग से लेकर बाउंड्री लाइन में कैच पकड़ने तक। हर जगह विराट कमाल की फील्डिंग करते हैं। हालांकि, विराट के लिए स्लिप का बेहतरीन फील्डर बनना आसान नहीं था, लेकिन समय के साथ उन्होंने यह कला भी सीख ली। कैसे सीखी स्लिप फील्डिंग टीम इंडिया के कोच आर श्रीधर ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट को बताया है कि विराट काफी उर्जावान खिलाड़ी हैं और स्लिप में फील्डिंग करने के लिए एकाग्रता और धैर्य की जरूरत होती है। समय के साथ विराट ने अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करना सीख लिया और अब वो स्लिप के बेहतरीन फील्डर बन चुके हैं। कप्तानी छोड़ने के बाद विराट को कई मौकों पर बाउंड्री लाइन में भी फील्डिंग करते देखा गया है ।.

# एशिया कप के फाइनल में कभी नहीं भिड़े हैं भारत-पाकिस्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जानें अब तक कैसा है दोनों टीमों का रिकॉर्डएशिया कप के फाइनल में अब तक भारत का सामना पाकिस्तान से नहीं हुआ है। हालांकि, भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है और सात बार खिताब जीत चुकी है। दोनों टीमों के बीच एशिया कप में कुल 14 मैच हुए हैं। इनमें से आठ मैच भारत और पांच पाकिस्तान ने जीते हैं। एशिया कप 2022 की शुरुआत 27 अगस्त से हो रही है। इस बार भारत का पहला मैच पाकिस्तान के साथ है। एशिया कप में ये दोनों टीमें 15वीं बार एक-दूसरे के सामने होंगी। हालांकि, अब तक ये दोनों टीमें एशिया कप के फाइनल में नहीं भिड़ी हैं। लंबे समय से भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया की सबसे मजबूत टीमों में शामिल हैं और दोनों ही एशिया कप जीतने की प्रबल दावेदार रही हैं, लेकिन अब तक दोनों टीमें साथ में फाइनल में नहीं पहुंची हैं। हालांकि, इस बार दोनों टीमों के फाइनल में पहुंचने की संभावना काफी ज्यादा है। पिछले 38 साल में 14 बार एशिया कप खेला गया है और सात बार भारत ने ही यह टूर्नामेंट जीता है। इस टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 मैच खेले हैं और आठ में जीत हासिल की है। यहां हम दोनों टीमों का रिकॉर्ड बता रहे हैं। 1995 एशिया कप में पाकिस्तान से पहली बार हारा था भारत भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में पहला मैच 1984 में हुआ था। टीम



इंडिया ने यह मुकाबला 54 रन के बड़े अंतर से जीता था। इसके बाद 1988 में भी भारतीय टीम ने चार विकेट के अंतर से पाकिस्तान पर जीत हासिल की थी। 1995 में पहली बार एशिया कप में टीम इंडिया को पाकिस्तान से हार मिली थी। शारजाह के मैदान पर पाकिस्तान ने 97 रन के बड़े अंतर से भारत को हराया था। 1997 में दोनों टीमों के बीच दो मैच हुए थे, लेकिन दोनों का कोई नतीजा नहीं निकला था। साल 2000 और 2004 में भी पाकिस्तान ने भारत को 44 और 59 रन के अंतर से हराया था, लेकिन 2008 में भारत ने वापसी की और छह विकेट से जीत हासिल की। इसी टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत ने 2010 में तीन विकेट और 2012 में छह विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2014 में पाकिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में भारत को एक विकेट से हराया था। यह आखिरी मौका था, जब एशिया कप में भारत को पाकिस्तान से हार मिली थी। 2016 में एशिया कप में पहली बार टी20 मैच में भिड़ी थीं दोनों टीमें 2016 में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में टी20 मैच खेला गया था और भारत ने पांच विकेट से यह मैच जीता था। इसके बाद से भारत एशिया कप में पाकिस्तान से नहीं हारा है। 2018 में दोनों टीमों के बीच दो मैच हुए थे और भारत ने पहला मुकाबला आठ विकेट से, जबकि दूसरा मुकाबला नौ विकेट से जीता था। अब चार साल बाद दोनों टीमें फिर एशिया कप में भिड़ेंगी। इस टूर्नामेंट में दोनों टीमें दूसरी बार टी20 मैच खेलेंगी। इस टूर्नामेंट में अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए हैं। इनमें से आठ मैच भारत और पांच मैच पाकिस्तान ने जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। 2014 के बाद से भारत एशिया कप में पाकिस्तान से नहीं हारा है। इस बार भी जीत के साथ शुरुआत करते हुए टीम इंडिया एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथा मैच जीतना चाहेगी।

# 1983 विश्व कप से लेकर 2013 चैंपियंस ट्रॉफी तक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देखें भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम पलभारत की आजादी को 75 साल पूरे हो चुके हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। इसके बाद से भारत ने अपनी नई पहचान बनाई है और हर क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। खेल जगत में भी भारत ने कई बार इतिहास रचा है। मौजूदा समय में क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेल है। इस खेल में भारत का दुनिया में सबसे ज्यादा है। हालांकि, 1947 में भारत की क्रिकेट टीम कमजोर टीमों में गिनी जाती थी, लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है। यहां हम भारतीय क्रिकेट की उन उपलब्धियों के बारे में बता रहे हैं, जो पिछले 75 सालों में हासिल की गई हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला मैच साल 1932 में खेला गया था। हालांकि, लेकिन टीम इंडिया को लगातार हार का सामना करना




पड़ा। पहली बार भारत ने इस खेल में अपना रुतबा साल 1971 में दिखाया था। भारत ने इंग्लैंड को उसकी धरती में चार विकेट से हराया था। द ओवल के मैदान में भारतीय टीम ने यह कमाल किया था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी थी और यह साबित कर दिया था कि टीम इंडिया किसी मैदान में किसी भी विपक्षी को हराने का माद्दा रखती है। साल 1983 में भारतीय टीम ने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया था। कपिल देव की कप्तानी में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज की मजबूत टीम को हराकर विश्व कप अपने नाम किया था। भारत दूसरी टीम थी, जिसे विश्व चैंपियन बनने का गौरव मिला था। इस जीत के बाद से भारत में क्रिकेट की स्थिति बदल गई और वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की छवि भी बदल गई।

# चेन्नई सुपरकिंग्स और रवींद्र जडेजा में ब्रेक-अप तय, मई से फ्रेंचाइजी के संपर्क में नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चेनन्ई सुपरकिंग्स और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के बीच इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं है। अगले कुछ महीनों के अंदर दोनों अलग-अलग हो सकते हैं। मई में आईपीएल खत्म होने के बाद से भारतीय ऑलराउंडर सीएसके प्रबंधन के साथ संपर्क में नहीं है। चेनन्ई की टीम खिलाडियों को एक परिवार की तरह रखती है और



साल भर उनके साथ संपर्क में रहती है, लेकिन नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रिहैबलिटेशन प्रक्रिया में लगे जडेजा ने फ्रेंचाइजी से दूरी बना रखी है। वह सीएसके के किसी भी अभियान में भाग नहीं ले रहे हैं। जडेजा को आईपीएल के बीच में ही कप्तानी से हटा दिया गया था जब प्रबंधन को लगा कि नेतृत्व का बोझ उनके खेल को प्रभावित कर रहा है। जडेजा ने इसे अपमान के रूप में लिया। जडेजा चेन्नई में कप्तान के रूप में सफल होने के बाद भारतीय टीम की कप्तानी करने का सपना देख रहे थे। उनकी जगह धोनी को फिर से कप्तान बना दिया गया। कहा जा रहा है कि जडेजा इसी बात से नाराज हो गए थे। मई के मध्य में जब से उन्होंने मुंबई में टीम होटल छोड़ा है, तब से फ्रेंचाइजी उनके साथ मतभेदों को सुलझाने में असमर्थ रही है। इस बीच जडेजा ने चेन्नई सुपरकिंग्स से संबंधित सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए। वह एकमात्र खिलाड़ी थे जो उस वीडियो का हिस्सा नहीं थे जिसे चेनन्ई ने कप्तान धोनी को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए पोस्ट किया था। धोनी ने पहले ही कह दिया है कि वह अगला आईपीएल खेलेंगे और संभवतः टीम का नेतृत्व करेंगे। ऐसे में इस बात की बहुत कम संभावना है कि जडेजा वापस आने के लिए तैयार होंगे। जडेजा टीम से बाहर होना चाहते हैं। ऐसे में जब रिटेन करने की बारी आएगी तो फ्रेंचाइजी उन्हें बाहर कर सकती है। जडेजा चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ 2012 में जुड़े थे। 10 सालों में उन्होंने टीम के साथ दो खिताब जीते। इस साल टूर्नामेंट शुरू होने से दो दिन पहले महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का एलान किया। रवींद्र जडेजा को अगला कप्तान बनाया गया। उन्होंने 37 दिन बाद ही अपने पद को छोड़ने का फैसला किया। धोनी को फिर से टीम की कमान संभालनी पड़ी। चेन्नई ने इस बार आईपीएल नीलामी से पहले धोनी-जडेजा समेत चार खिलाडियों को रिटेन किया था। जडेजा को फ्रेंचाइजी ने 16 करोड़ रुपए में सबसे अधिक पैसे के साथ रिटेन किया था। लेकिन धोनी को इस सीजन के लिए 12 करोड़ रुपए में ही रिटेन किया गया।

# भारत के पास सीरीज जीतने का मौका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम अगर यह मैच जीत लेती है तो वह सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगी। टीम इंडिया ने गुरुवार को पहला वनडे 10 विकेट से अपने नाम कर लिया था। शिखर धवन और शुभमन गिल ने नाबाद 192 रनों की साझेदारी कर टीम इंडिया को आसान जीत दिलाई थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार (20 अगस्त) को खेला जाएगा। टीम इंडिया ने गुरुवार को पहला वनडे 10 विकेट से अपने नाम कर लिया था। शिखर धवन और शुभमन गिल ने नाबाद 192 रनों की जानकारी कब होगा भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा वनडे मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 20 अगस्त यानी शनिवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और जिम्बाब्वे के बीच मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला वनडे मुकाबला हरारे के सुपर स्पोर्ट्स क्लब मैदान में खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और जिम्बाब्वे का मुकाबला भारत और जिम्बाब्वे के मैच में भारतीय समयानुसार दोपहर 12:45 बजे से खेला जाएगा। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच भारत-जिम्बाब्वे सीरीज के प्रसारण का अधिकार सोनी नेटवर्क ग्रुप के



साझेदारी कर टीम इंडिया को आसान जीत दिलाई थी। अब दूसरे वनडे में टीम इंडिया की नजर एक और जीत पर होगी। भारतीय टीम अगर यह मैच जीत लेती है तो वह सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगी। इस मैच में कप्तान केएल राहुल पर सबकी नजरें रहेंगी। राहुल आईपीएल के बाद से चोट के कारण पेशेवर क्रिकेट नहीं खेल सके हैं। उन्हें एशिया कप टीम में चुना गया है। ऐसे में कार्यवाहक कोच वीवीएस लक्ष्मण चाहेंगे कि राहुल को एशिया कप से बल्लेबाजी का मौका मिल सके। इससे उन्हें लय में लौटने का अवसर मिल सकेगा। आइए जानते हैं इस मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी पास हैं। आप सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क में अलग-अलग भाषाओं में यह मैच देख सकते हैं फोन या लैपटॉप पर कैसे देख सकते हैं लाइव मैच भारत-जिम्बाब्वे सीरीज के सभी मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में सोनी लिव एप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते हैं। फ्री में कैसे देखें मैच डीडी फ्री डिश में इस मैच का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स चैनल के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। ऐसे में आप बिना कोई पैसा दिए इस सीरीज के मैच देख सकते हैं। इसके अलावा जियो टीवी पर भी यह मैच मुफ्त में देखा जा सकता है। जियो टीवी में आप सोनी के सभी चैनल मुफ्त में देख सकते हैं।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम इंडिया की निगाह 8वीं सीरीज जीत पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जानें संभावित प्लेइंग-11पहले मैच में दस विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी 8वीं सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। वर्ष 2013 से भारत ने जिम्बाब्वे में पिछली तीन सीरीज में 11 मैच जीते हैं जबकि



एक भी मैच नहीं गंवाया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम शनिवार को उतरेगी तो कप्तान केएल राहुल यही उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें बल्लेबाजी का जरूरी अभ्यास मिल सके। पहले मैच में दस विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी 8वीं सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। वर्ष 2013 से भारत ने जिम्बाब्वे में पिछली तीन सीरीज में 11 मैच जीते हैं जबकि एक भी मैच नहीं गंवाया है। एशिया कप में शाहीन शाह अफरीदी जैसे गेंदबाजों को खेलने से पहले भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी अभ्यास जरूरी है। पहले मैच में शिखर धवन और शुभमन गिल से पारी की शुरूआत जारी रखने वाले कप्तान राहुल ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया लेकिन अब एशिया कप से पहले बल्लेबाज राहुल को भी रंगत में लौटना होगा। उन्हें पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति को तुरंत अपनाना होगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ राहुल के लिए यह सुनहरा मौका है। वहीं, दीपक हुड्डा को अगर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर उतारा जाए तो उनका आत्मविश्वास बढे़गा। संजू सैमसन अगर चौथे नंबर पर उतरते हैं तो पारी के सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। कार्यवाहक कोच वीवीएस लक्ष्मण की नजरें पहली सीरीज जीतने और उसके बाद टीम संयोजन में प्रयोग पर होगी। धवन की बाजू में लगी चोट अगर गंभीर होती है तो ईशान किशन और राहुल का बायां दायां संयोजन पारी की शुरुआत के लिए उम्दा होगा।

# राशीफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेष-:20 अगस्त का 2022 राशिफल, आज का समय मिलाजुला प्रभाव देता है। तरक्की और मान सम्मान पाने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप धर्मी और आदर्शवादी बनेंगे। | वृष-:आज आपको सबका सहयोग मिलेगा। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को नौकरी के अच्छे ऑफर मिलने के योग हैं। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। | मिथुन-:आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा | कर्क-:आप अपने मन की बात अपने परिवार के किसी सदस्य से कह सकते हैं। इस समय आप अपनी सूझबूझ से सफलता प्राप्त करने में सफल होंगे। अकारण बातों में न उलझें। |
| सिंह-:आज परिवार वालों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। इस राशि के जो लोग सीए यानी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। | कन्या-:आज चाहे कितनी भी मजबूरी क्यों न हो, कोई भी नकारात्मक निणन्य न लें। परिवार को समय देना बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपको नाराजगी का सामना | तुला-:आज आप भावनात्मक रूप से परेशान चल रहे हैं। परिवार में कलह बढ़ सकती है। परिवार में विवाद हो सकता है। आपको इस संबंध में अच्छे कदम उठाने चाहिए। | वृश्चिक-:आज आपको परिवार के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के पुस्तक विक्रेता के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। |
| धनु-: आज स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल होंगे। यात्रा सुखद रहेगी। खुशी से समय व्यतीत होगा। अगर कोई समस्या है | मकर-:आज आप अपने ख़र्चों से परेशान रहेंगे। आपकी गलत जानकारी आपके रिश्ते को खराब कर सकती है। काम में अनुशासित रहने की बहुत जरूरत है। | कुंभ-:आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की संभावना है। आप उनके साथ कहीं भी जा सकते हैं। पिता की मदद से आपका कोई जरूरी काम पूरा होगा। | मीन-:आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। लेकिन आप उन्हें पूरा करने में सक्षम होंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में काम की तारीफ होगी। |

# सम्पादकीय

## लड़कियों का पढ़ाई करना मुश्किल, खोखला साबित होता 'डिजिटल इंडिया' का नारा

पहाड़ी जिले बागेश्वर के गांवों में ज्यादातर लड़कियों का कहना था कि कोई भी काम लिंग के आधार पर बंटा नहीं होना चाहिए। आजादी के 75 साल बाद भी हमने अपने समाज के अंदर न जाने कितने ही खोखले विचारों एवं रूढ़िवादी परंपराओं को जगह दे रखी है, जिनकी वजह से असंख्य लड़कियों की सपने देखने की आजादी तक छिन गई है। जिन समस्याओं को लेकर हम इतने आश्वस्त हो चुके हैं कि उनके मुद्दे अब हमारे लिए खत्म हो गए हैं, उन समस्याओं ने उत्तराखंड के दूरस्थ पहाड़ी जिले बागेश्वर के गांवों में न जाने कितने सपनों और आकांक्षाओं को दबा रखा है। वर्ष 1997 से पहले बागेश्वर अल्मोड़ा जिले का हिस्सा हुआ करता था। विकास की रफ्तार को तेजी देने के लिए इस नए जिले को तीन विकास खंडों-बागेश्वर, गरुड़ और कपकोट में विभाजित किया गया। पर दो दशकों से अधिक समय बीतने के बाद भी यह जिला कई समस्याओं से जूझ रहा है। गरुड़ विकास खंड के चोरसो गांव की लड़कियां कहती हैं कि उन्हें अपने सपने पूरे करने के अवसर ही नहीं मिलते, तो वे कहां से यह सोचें कि उनका विकास कैसे होगा? उन्हें स्कूल जाने के लिए सड़क अच्छी मिल जाए और बाजार तक उनकी पहुंच आसान हो जाए, तो उन्हें लगेगा कि विकास हो रहा है। पर जब उनकी इन्हीं समस्याओं की तुलना घर के लड़कों से करने को कहा गया, तो उनके जवाब अलग थे। इसी जिले के एक अन्य विकासखंड कपकोट के एक गांव उत्तरौड़ा की रहने वाली लड़कियां लैंगिक असमानता पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं और कई परंपराओं पर सवाल भी करती हैं। यहां की कम ही लड़कियां नौकरी करती हैं, क्योंकि जितने मौके लड़कों को मिलते हैं, उतने मौके न तो उन्हें मिलते हैं, न ही परिवार के लोग उन पर खर्च करना चाहते हैं। इस गांव की ज्यादातर लड़कियों का कहना था कि कोई भी काम लिंग के आधार पर बंटा नहीं होना चाहिए। आजादी के 75 साल बाद भी हमने अपने समाज के अंदर न जाने कितने ही खोखले विचारों एवं रूढ़िवादी परंपराओं को जगह दे रखी है, जिनकी वजह से असंख्य लड़कियों की सपने देखने की आजादी तक छिन गई है। बघर भी कपकोट विकास खंड का एक गांव है, पर कनेक्टिविटी की समस्या से जूझता यह गांव अलग-थलग होकर रह गया है। गांव में न आंगनबाड़ी है, न ही किसी तरह का नेटवर्क आता है। पहाड़ी पर बसे इस गांव तक पहुंचने के रास्ते इतने संकरे और जोखिम भरे हैं कि मुश्किल से सुविधाएं पहुंच पाती हैं। यहां की लड़कियां बताती हैं कि पास में सिर्फ एक ही स्कूल है और अगर उसमें पढाई नहीं करनी तो पैदल दो घंटे से ज्यादा चलकर जाना पड़ता है। सातवीं में पढ़ने वाली कृष्णा रोज टैक्सी से कपकोट पढ़ने जाती है, जहां पहुंचने में दो घंटे से ज्यादा लगता है। खराब आर्थिक स्थिति और संकुचित सोच के कारण गांव की अधिकतर लड़कियां इतनी दूर पढ़ने नहीं जा सकतीं, अतः पास के स्कूल में पढाई करती हैं। इस गांव की सरिता के मुताबिक, यहां की लड़कियों को बहुत सारे अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। जैसे-माहवारी के दौरान पूरे एक हफ्ते लड़की को घर के बाहर रहना पड़ता है और उस दौरान उसे छुआछूत का भी सामना करना पड़ता है। यहां की लड़कियों से बात करते हुए पता चला कि उनकी समस्याएं दोहरी हैं। एक तो उन्होंने ऐसी जगह जन्म लिया, जो सुविधाओं से बहुत दूर है, और दूसरी यह कि उन्होंने लड़की के रूप में जन्म लिया है। कोरोना के दौरान जब स्कूल और कॉलेज ऑनलाइन पढ़ाई का रुख करने लगे थे, तब इन गांवों के बच्चे अपनी पढाई से सिर्फ इसलिए दूर हो गए थे, क्योंकि इन सीमावर्ती गांवों में नेटवर्क नहीं आता। 'डिजिटल इंडिया' का नारा यह खोखला हो जाता है। संविधान द्वारा दिए गए सारे नियम, अधिकार और कानून भी यहां खोखले हो जाते हैं, क्योंकि यहां की लड़कियों को दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रहना पड़ रहा है। कनेक्टिविटी और अन्य मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे इन गांवों में उन कारकों को ढूंढना, जो विकास में बाधा हैं, आपको अन्य सामाजिक समस्याओं की तरफ भी ले जाएंगी। किशोरी बालिकाओं का यह कहना, कि उनकी समस्याएं दोहरी हैं।



# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल का

इस साल जन्माष्टमी की तिथि को लेकर लोग काफी असमंजस में हैं क्योंकि इस इस साल अष्टमी तिथि दो दिन पड़ रही है। ऐसे में जानिए गृहस्थ जीवन जी रहे लोग किस दिन मनाएं भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव। उपंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र, हर्षण योग और वृषभ राशि में जब चंद्रमा था तब रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। इसी कारण हर साल इस दिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को के रूप में मनाया जाता है। इस साल भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लोगों के बीच काफी भ्रम है। क्योंकि इस साल अष्टमी और नवमी के सुबह के समय जन्माष्टमी का उत्सव मनाया जाएगा। जानिए जन्माष्टमी की सही तिथि और शुभ मुहूर्त। जन्माष्टमी पर करें भगवान श्रीकृष्ण की षोडशोपचार पूजन विधि, जानें शुभ मुहूर्त हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का बहुत अधिक महत्व है। इस साल रक्षाबंधन की तरह की जन्माष्टमी को लेकर लोगों के बीच काफी असमंजस है। क्योंकि इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 2 दिन मनाया जा रहा है।जन्माष्टमी 2022 की सही तिथि पंचांग के अनुसार, जन्माष्टमी इस बार 2 दिन मनाई जाएगी। पहली 18 अगस्त को होगी। अष्टमी तिथि की रात्रि को गृहस्थ जीवन जीने वाले लोग रखेंगे। वहीं अष्टमी तिथि की उदया तिथि को वैष्णव सन्यासियों के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, 19 अगस्त




को कृत्तिका नक्षत्र देर रात 01 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। इसके बाद रोहिणी नक्षत्र शुरू होगा ,इसलिए इस बार जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र का संयोग भी नहीं रहेगा । ऐसे में माना जा रहा है कि 19 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाना शुभ होगा। मंदिरों में कब मनाई जाएगी जन्माष्टमी बता दें कि मथुरा के मंदिरों में 19 अगस्त की रात को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इसके साथ ही द्वारिकाधीश मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी 19 अगस्त को ही मनाई जाएगी। जन्माष्टमी पर पूजा का शुभ समय जन्माष्टमी की पूजा ले लिए 18 अगस्त की रात 12 बजकर 20 मिनट से लेकर 1 बजकर 05 तक का समय सबसे शुभ माना जा रहा है। पूजा की अवधि कुल 45 मिनट की होगी। जन्माष्टमी पर बन रहा खास योग इस साल जन्माष्टमी के दिन वृद्धि योग लग रहा है। माना जाता है कि वृद्धि योग में पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही श्रीकृष्ण और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है। वृद्धि योग 17 अगस्त रात 8 बजकर 57 मिनट से शुरू हो रहा है जो 18 अगस्त रात 8 बजकर 42 मिनट पर समाप्त हो रहा है। जन्माष्टमी 2022 का शुभ मुहूर्त तिथि- 18 अगस्त 2022, गुरुवार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि प्रारंभ- 18 अगस्त शाम 9 बजकर 21 मिनट से शुरू भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि समाप्त- 19 अगस्त रात 10 बजकर 59 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त - 18 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 56 मिनट तक। वृद्धि योग - 17 अगस्त दोपहर 8 बजकर 56 मिनट से 18 अगस्त रात 08 बजकर 41 मिनट तक ध्रुव योग - 18 अगस्त रात 8 बजकर 41 मिनट से 19 अगस्त रात 8 बजकर 59 मिनट तक भरणी नक्षत्र - 17 अगस्त रात 09 बजकर 57 मिनट से 18 अगस्त रात 11 बजकर 35 मिनट तक निशिथ पूजा मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 20 मिनट से 01:05 तक रहेगा जन्माष्टमी पारण का शुभ मुहूर्त- 19 अगस्त को रात 10 बजकर 59 मिनट के बाद राहुकाल - 18 अगस्त दोपहर 2 बजकर 06 मिनट से 3 बजकर 42 मिनट तक हिंदू पंचांग क्या कहता है- हृषिकेश पंचांग हृषिकेश पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि का प्रारंभ 18 अगस्त को मध्य रात्रि 12 बजकर 15 मिनट से हो रहा है. साथ ही अष्टमी तिथि 19 अगस्त को देर रात 1 बजकर 06 मिनट तक रहेगी. निर्णय सागर पंचांग जन्माष्टमी की तिथि को लेकर निणय्र सागर पंचांग का भी अपना मत है. इस पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 18 अगस्त को रात्रि 09 बजकर 22 मिनट से से प्रारंभ हो रही है. वहीं अष्टमी तिथि क समापन 19 अगस्त को रात तकरीबन 11 बजे होगा श्री आदित्य पंचांग श्री आदित्य पंचांग की मानें को अष्टमी तिथि 18 अगस्त को आधी रात 12 बजकर 08 मिनट से 19 अगस्त को रात 12 बजकर 58 मिनट तक रहेगी श्री जगननथ पंचांग जन्माष्टमी तिथि को लेकर श्री जगननथ पंचांग का भी मत है. श्री जगननथ पंचांग के अनुसार 18 अगस्त को रात 09 बजकर 27 से अष्टमी तिथि प्रारंभ हो रही है. वहीं अष्टमी तिथि 19 को रात्रि 11 बजकर 05 मिनट तक रहेगी. विश्व पंचांग वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय पंचांग (विश्व पंचांग) के अनुसार, अष्टमी तिथि 18 अगस्त को रात 11 बजकर 55 से लेकर 19 अगस्त को रात 12 बजकर 43 मिनट तक रहेगी गणेश आपा पंचांग गणेश आपा पंचांग के मतानुसार, अष्टमी तिथि की शुरुआत 18 अगस्त रात 12 बजकर 15 मिनट से हो रहा है. जबकि अष्टमी तिथि का समापन 19 अगस्त 2022 को देर रात 01 बजकर 06 मिनट पर होगा. अनन्पूर्णा काशी विश्वनाथ अनन्पूर्णा काशी विश्वनाथ पंचांग के मुताबिक अष्टमी तिथि 18 अगस्त को रात्रि 12 बजकर 06 से शुरू होकर 19 अगस्त को रात 2 बजकर 07 तक अष्टमी रहेगी. धर्म रक्षा पंचांग धर्म रक्षा पंचांग की मान्यतानुसार अष्टमी तिथि 18 अगस्त को रात 12 बजकर 06 से शुरू होकर 19 को रात्रि 12 बजकर 58 मिनट तक रहेगी.

# बागी धरती की विकास के लिए सीएम ने मंत्री दया शंकर सिंह और मुख्य सचिव को सौपी जिम्मेदारी

बलिया।बलिदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागी धरती पर पहुंचे। यहां बलिदान देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत बलिया को सौगात देने की घोषणा भी की।इस दौरान बलिया में सुविधाएं बढ़ाने का टार्गेट भी सेट कर दिया।इसकी जिम्मेदारी बलिया के ही रहने वाले मंत्री दयाशंकर सिंह और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को सौंप दी है। परिवहन सुविधाएं हों बेहतरः योगी मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बलिया के हैं, इसलिए बलिया परिवहन के क्षेत्र में और अच्छा होना चाहिए। दयाशंकर सिंह का नाम लेते हुए आवाह्न किया कि बलिया से लखनऊ की दूरी को लगातार कम करते रहें। इसके लिए लिंक एक्सप्रेस-वे से बलिया को जोडेंगे, ताकि दो से ढाई घण्टे में लखनऊ की दूरी तय कर लें। अच्छा बस स्टेशन यहां का हो। इलेक्ट्रिक बसें चलवाएं। बलिया नगर का दायरा बढ़ाएं। बलिया के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि आगे बढ़कर काम करें। हमारी ओर से जहां भी सहयोग की आवश्यकता होगी, ततपरता से खड़ा रहूंगा। बलिया की मूलभूत सुविधाएं होंगी मजबूत सीएम योगी ने यह कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए पांच साल से जमीन मांग रहा हूँ, पर जमीन नहीं मिल पाई। इसलिए बलिया में ही पले-बढ़े मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र जी को साथ लेकर आया हूं। यहां की मूलभूत सुविधाओं को और



मजबूत बनाना है। पीएम मोदी के संकल्पों से बढ़ेगा देश सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 15 अगस्त के दिन देश के नागरिकों को पांच संकल्प दिलाएं हैं। इसके अनुसार हर व्यक्ति अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ेगा तो निश्चित ही भारत दुनिया की महाशक्ति बनेगा।उन्होंने कहा कि आज बिना भेदभाव के सबको योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को आवास, शौचालय, राशन सहित लाभकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आने वाले समय मे भारत दुनिया का नेतृत्वकर्ता होगा। भारत माता की जय से शुरुआत मुख्यमंत्री ने 'भारत माता की जय' व 'वन्देमातरम' से अपने सम्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब पूरा देश जुटा है, इस अवसर पर मुझे बलिया के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक बलिदान दिवस पर आने का सुअवसर मिला है। बलिया का अपना इतिहास है। कहा जाता है बलिया के लिए अनुशासन का कोई महत्व नहीं होता। लेकिन, आजादी के बाद देश के विकास के लिए जिस अनुशासन की आवश्यकता थी, वह बलिया ने दिखाया। वहीं गुलामी के समय जो तेवर दिखाया जाना था, उसको भी बलिया ने दिखाया। जरूरत पड़ने पर मंगल पांडेय ने बैरकपुर छावनी में स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी जलाई। वह लड़ाई लगातार चलती रही। महात्मा गांधी ने जब अंग्रेजों भारत छोड़ों का नारा दिया था, तब महान सेनानी चित्तू पांडे ने अपनी भूमिका का निर्वहन बखूबी किया। इन्हीं सब का नतीजा है कि आज हम सब आजाद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1942 में तो बलिया ने अपने आप को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। चित्तू पांडेय कलेक्टर और महानंद मिश्र जी पुलिस कप्तान बन गए थे। यहां के लोग हल, कुदाल, फावड़ा आदि से ही लड़ाई लड़ी थी। यहां के लोगों का त्याग बलिया को नई पहचान देता है। पौराणिक व पवित्रता का प्रतीक है बलिया बलिया पौराणिक व पवित्र स्थल का प्रतीक है। वही पवित्रता क्रांति के रूप में झलकती है। इमरजेंसी के दिनों में भी बलिया ने अग्रणी भूमिका निभाई। एक आम आदमी के मौलिक अधिकारों, उसकी सुरक्षा व स्वालंबन के लिए जयप्रकाश जी के नेतृत्व में आंदोलन चला। इसमें चंद्रशेखर का योगदान अविष्मरणीय रहा। यहां की हर चिंगारी का हो उल्लेख ! सीएम योगी ने कहा कि आज बलिया पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। लेकिन, यह भी जरूरी है कि यहां के सेवानिवृत्त शिक्षक व अन्य वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से बलिया की गांव-गांव से फूटी आजादी की लड़ाई की चिंगारी लोगों के समक्ष आ सके। लघु फ़िल्म देख बढ़ा लोगों का उत्साह ! जनसभा में उपस्थित सभी अतिथियों और मौजूद हजारों लोगों के समक्ष बलिया पर आधारित लघु फ़िल्म दिखाई गई। इसे देखने के बाद जनसभा में मौजूद हर किसी का उत्साह देखते बनता था। खास तौर पर स्कूली बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। इससे पहले दयाशंकर सिंह ने नरेंद्र मोदी की आकर्षक प्रतिमा था राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मंगल पांडेय की पेंटिंग देकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। सम्मानित सेनानियों के सब हो रहा बेहतर सम्मानःदयाशंकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया बलिदान दिवस पर पहली बार मुख्यमंत्री जी आए हैं। सबसे पहले आजाद हुई इस बागी धरती पर स्वागत किया। हम सबके लिए यह सौभाग्य का दिन है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जो सम्मान 75 वर्षों में नहीं मिला, वह सम्मान हमारी सरकार व मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं। पुस्तक का किया विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'उत्तर प्रदेश का स्वतंत्रता संग्राम बलिया' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने इस पुस्तक के लेखक डॉ शिवकुमार कौशिकेय को इस महान व ऐतिहासिक क्षण का इस पुस्तक के माध्यम से सजीव वर्णन करने के लिए सराहना की। सेनानियों व उनके आश्रितों को किया सम्मानित सीएम योगी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके आश्रितों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन महान सेनानियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि सौभाग्य है कि आजादी के योद्धाओं का दर्शन हो रहा है।

# प्रतिशोध नहीं, सदाशयता के पक्षधर थे राजीव जी, भारत के नवनिर्माण का था उनका सपना

राजीव गांधी ऐसे जननेता थे, जिन्होंने हमेशा नए विचारों एवं रचनात्मक आलोचनाओं का स्वागत किया। सांसद, प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने जिस गुरु-गंभीरता के साथ अपेक्षित भूमिका का निर्वहन किया, वह अद्वितीय थी। राजीव गांधी को उनके जन्मदिवस (20 अगस्त) को हम इस उम्मीद के साथ याद करते हैं कि उनके कार्य और विचार हमारा पथ प्रशस्त करेंगे। राजीव जी ने इक्कीसवीं सदी की उनन्त अपेक्षाओं के अनुरूप भारत को गढ़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। राजीव जी का भारत को आधुनिक, खुशहाल और सशक्त राष्ट्र बनाने में विशेष योगदान रहा। भारत रतन राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक हैं जिनका स्मरण हमें सदैव आलोकित करता रहेगा। राजीव गांधी ने टकराव की जगह आम सहमति एवं वैमनस्य के बजाय सदाशयता का मार्ग चुना। राष्ट्रहित उनके चिन्तन का प्रमुख बिन्दु था। सर्व धर्म समभाव की भावना उनके मन, वचन कर्म में रची बसी थी। राजीव जी के व्यक्तित्व में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय था। राजीव गांधी ऐसे जननेता थे, जिन्होंने हमेशा नए विचारों एवं रचनात्मक आलोचनाओं का स्वागत किया। सांसद, प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने जिस गुरु-गंभीरता के साथ अपेक्षित भूमिका का निर्वहन किया, वह अद्वितीय थी। राजीव गांधी राजनीति में सतत संवाद के पक्षधर थे। वे मानते थे कि बिना संवाद के विश्वास पैदा नहीं हो सकता और बिना विश्वास के राजनीति नहीं चल सकती। राजीव गांधी का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति के रूप में आंकना न्यायोचित नहीं होगा। वस्तुतः वे चिंतक थे, विचारक थे और सच्चे लोकतंत्रवादी थे। राजीव जी ने पंजाब, असम और मिजोरम समझौते किए, जिससे इन प्रदेशों में वर्षों से चल रही उथल-पुथल, अशांति एवं हिंसक गतिविधियों पर विराम लगा और हजारों अलगाववादी- उग्रवादी भी समाज की मुख्य धारा से जुड़े। राष्ट्रहित के लिए सदैव रहे प्रयासरत राष्ट्रहित में संकल्प लेना एवं उन्हें तत्परता से कार्यान्वित करना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा था। लक्ष्य प्राप्ति में आतुरता तथा व्यवहार में शालीनता उनका प्रमुख गुण था, जिसने उनकी पहचान दूसरों से अलग बनाई। राजीव जी देश की आंतरिक समस्याओं के समाधान के लिए जितने आतुर थे, उतना ही पड़ोसी देशों से बेहतर तालमेल बनाने के इच्छुक भी थे। उन्होंने चीन, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका से संबंध मधुर करने का सार्थक प्रयास किए राजीव जी का मानना था कि किसान



हमारे देश की रीढ़ हैं। खेती-किसानी की तरक्की के बिना देश की तरक्की संभव नहीं है। राजीव जी ने अपने प्रधानमंत्री काल में कृषि में ज्यादा पूंजीनिवेश का प्रावधान किया। कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर दिया। राजीव जी ने हरितक्रांति की समीक्षा की और यह पाया कि हरितक्रांति से गेहूं का उत्पादन तो काफी बढ़ा है, परंतु तिलहन और दलहन के क्षेत्र में अधिक सुधार की जरूरत है। उन्होंने तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए तिलहन टेकनेलॉजी मिशन बनाया। दलहन के लिए राष्ट्रीय परियोजना शुरू की।राजीव जी के मन में गरीबों के प्रति सच्ची हमदर्दी थी। वे एक ऐसे समाज की स्थापना के लिए आतुर थे जिसमें सब बराबरी के साथ अपनी जिन्दगी जिएं और स्वाभिमान के साथ अपना गुजर-बसर कर सकें। सबकी सुनना और सबको साथ लेकर चलना राजीव जी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे आमजन की समस्याओं को बड़े ध्यान से देखते थे और फिर सही दिशा-निर्देश देकर उसको सुलझाने का काम करते थे, यही उनकी कार्यशैली थी। सांप्रदायिकता के खिलाफ राजीवजी की दृष्टि और दिशा दोनों बहुत स्पष्ट थी। राजीव जी ने लगातार फिरका-परस्त ताकतों, घृणा, आतंकवाद, अशिक्षा एवं गरीबी के खिलाफ संघर्ष किया। धर्म निरपेक्षता के पक्षधर राजीव गांधी अहिंसा, सौहार्द और शांति के अग्रदूत थे। राजीव गांधी कौमी एकता और सद्भाव को देश की सांस्कृतिक अस्मिता और गौरवशाली विरासत की धुरी मानते थे। वे जाति, धर्म और सम्प्रदाय के संकीर्ण दायरे से देश को उबारना चाहते थे। राजीव जी ने कभी भी बदले या द्वेष की भावना की राजनीति नहीं की। द्वेष शब्द तो उनकी डिक्शनरी में था ही नहीं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रयास राजीव गांधी पर्यावरण, प्रदूषण तथा मानव सभ्यता पर इसके घातक प्रभाव की समस्या से चिंतित थे। उन्होंने वन एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए। राजीव जी का मानना था कि पर्यावरण संरक्षण और विकास की अवधारणा में संतुलन आवश्यक रूप से होना चाहिए। उन्होंने केन्द्रीय गंगा विकास प्राधिकरण की स्थापना कर गंगा नदी की सफाई का अभियान शुरू किया। राजीवजी ने दल-बदल कानून लाकर राजनीति में फैली ङ्गआया राम, गया रामङ्ग की विकृति पर अंकुश लगाने की पहल की, एवं राजनीति में शुचिता को विशेष महत्व दिया। राजीव गांधी ने समय की चुनौतियों को समझने एवं उसके मुताबिक देश को आगे ले जाने का साहसिक प्रयास किया। राजीव जी को नौजवानों की क्षमता और विवेक पर पूरा भरोसा था। उन्होंने नौजवानों को 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार दिलाकर उनकी लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित की। भारत के नवनिर्माण का सपना राजीव गांधी जी की स्मृति को संजोए रखना, उनके उस सपने का सम्मान होगा जो उन्होंने नए भारत के नवनिर्माण के लिए देखा था। राजीव जी का पुण्य स्मरण करते समय हमें उनके भारत संकल्प को याद रखना होगा। उनका प्रेरणादायी आव्हान था- आओ, हम ऐसे भारत का निर्माण करें जिसे अपनी स्वाधीनता पर गर्व हो, जो अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करने में पूर्ण सक्षम हो।जो सशक्त, कृषि एवं आधुनिक उद्योगों में आत्मनिर्भर हो, जो जाति, धर्म और क्षेत्र की संकीर्ण भावनाओं से उपर उठकर एकता के सूत्र से अनुप्राणित हो। जो निर्धनता तथा सामाजिक असमानताओं से मुक्त हो। एक ऐसा महान भारत जो पूर्ण अनुशासित एवं कार्य कौशल युक्त हो। जो वैचारिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से प्रतिष्ठित हो।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता सिद्धारमैया को जान से मारने की धमकी मामले में 16 गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** कल कार पर फेंके गए थे अंडेकोडागु एसपी कैप्टन अयप्पा एमए ने बताया कि कुशलनगर से नौ और मदिकेरी से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सिद्धारमैया को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी लोगों को कोडागु जिले से गिरफ्तार किया गया है। कोडागु एसपी कैप्टन अयप्पा एमए ने बताया कि कुशलनगर से नौ और मदिकेरी से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि



इन सभी को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले में जांच जारी है। सावरकर पर टिप्पणी के बाद मिली थी धमकी वीर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच सिद्धारमैया ने दावा किया था कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सिद्धारमैया को जान से मारने की धमकी देने के मामले पर कहा था कि हमने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। मैंने पुलिस महानिदेशक को भी फोन किया था और उनसे बात की थी। पुलिस मामले की जांच करेगी। मैंने विपक्षी दल के नेता के लिए उपयुक्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया है। कार पर फेंके गए थे अंडे कर्नाटक में कोडागु दौरे के दौरान कांग्रेस नेता सिद्धारमैया की कार पर अंडे फेंके जाने और काले झंडे दिखाए गए थे। इसके बाद शुक्रवार को कांग्रेस नेता ने इस तरह के विरोध को राज्य प्रायोजित करार दिया था। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि उनकी कार पर अंडे फेंकने वाले लोग एक खास संगठन से संबंध रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि वे ऐसे संगठनों का महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे का संबंध था।

# श्रीकांत त्यागी की पत्नी को प्रताडित करने वाले पुलिसकर्मी सस्पेंड हों- त्रिलोक त्यागी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** राष्ट्रीय लोकदल रालोद ने नोएडा पुलिस पर गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी की पतनी और परिवार की अन्य महिलाओं को पूछताछ के बहाने प्रताडित करने का आरोप




लगाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की है। रालोद महासचिव त्रिलोक त्यागी ने आरोप लगाया है कि नोएडा की एक सोसाइटी में महिला के साथ अभद्रता करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी और अन्य महिलाओं को पूछताछ के बहाने घंटों थाने में बैठाकर प्रताडित किया गया त्रिलोक त्यागी ने मंगलवार को नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेससवार्ता के दौरान कहा कि श्रीकांत त्यागी ने एक महिला के साथ अभद्रता की है, जिसके लिए कानून अपना काम कर रहा है और इस पर उनकी पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है, मगर श्रीकांत की पत्नी और मामी को पूछताछ के बहाने बेवजह रात भर थाने पर बैठाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि श्रीकांत त्यागी प्रकरण को पुलिस ने जानबूझ कर उछाला। एक महिला के साथ अभद्रता करने के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया, जैसे वह कोई आतंकवादी हो। वहीं गिरफ्तारी पर इनाम बांटा गया, जबकि सच्चाई यह है कि श्रीकांत ने सरेंडर किया था। उन्होंने कहा कि श्रीकांत जैसे हजारों लोग भाजपा में अभी भी हैं, जो पार्टी का झंडा और हूटर लगाकर जनता के बीच रौब झाड़ते हैं। रालोद महासचिव ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालकिले की प्राचीर से महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की पुलिस महिलाओं को रातभर थाने में बैठाकर उन्हें प्रताडित करती है। पार्टी की मांग है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए वरना उनकी पार्टी भावी रणनीति बनाने पर विवश होगी।

# अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिशन्र आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक राहुल सिंह आबकारी निरीक्षक गौरव चन्द व आबकारी निरीक्षक रवि जायसवाल द्वारा कोंडली चेक पॉइंट पर चेकिंग के दौरान एक बजाज ऑटो गाड़ी वाहन संख्या-170 से 2 पेटी में कुल 24 बोतल गॉडफादर ब्राण्ड के बियर दिल्ली राज्य में विक्रय के लिए अनुमन्य



के साथ 3 अभियुक्त विपन कुमार पुत्र ध्यानपाल सिंह, मिथुन पुत्र शंकर व पवन कुमार पुत्र नवल किशोर को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराते हुये जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# रास्तों में बदलाव से यातायात प्रभावित इस्कॉन मंदिर के आसपास की सड़कों पर बंद रहे वाहन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जन्माष्टमी के मौके पर शुक्रवार को सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर के आसपास की सड़कों पर यातायात बंद होने के कारण अन्य सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। सेक्टर-12 से चौड़ा मोड़, सेक्टर-32 सिटी सेंटर, सेक्टर-54 पुलिस चौकी से एडोब चौराहा आदि रास्तों पर वाहनों का दबाव रहा। जन्माष्टमी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शुक्रवार देर रात यह रास्तों वाहनों के लिए खोल दिया गया। मंदिर में दोपहर से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। ऐसे में सुबह से ही सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे से सेक्टर 31-25 की ओर



आने-जाने वाले रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था। ऐसे में वाहन चालकों को लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ा। मंदिर आने वाले लोगों के लिए एडोब और शिल्प हॉट के सामने पार्किंग बनाई गई थी। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि जगह-जगह पुलिसकर्मी पहले ही तैनात कर दिए गए थे। ऐसे में जाम नहीं लगने दिया गया।

# वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर आईआईपी अकादमी में भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर नोएडा मीडिया क्लब के तत्वावधान में नोएडा और दिल्ली के फोटो जर्नलिस्टों द्वारा सेक्टर-2 स्थित



आईआईपी अकादमी में भव्य फोटो प्रदर्शनी का आज से शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ गौतनबुद्ध नगर के डीएम सुहास एलवाई द्वारा किया गया। यह तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। फ़ोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी सुहास एल वाई ने सभी पत्रकारों और छायाकारों को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे की बधाई दी। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे सभी फ़ोटो बेहद उत्साहित हो देखे और प्रत्येक फ़ोटो के विषय मे सम्बंधित फोटोजर्नलिस्ट से पूरी जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने नोएडा मीडिया क्लब के इस प्रयास की खूब सराहना की और कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम किए जाएं ,जिनसे समाज को रचनात्मक कार्यों के प्रति रूचि पैदा हो। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सुशील अग्रवाल, ईश्वर चंद, वीरेंद्र सिंह, प्रेम बिष्ट, के आशिफ, राजन राय, सौरभ राय, मनोहर त्यागी, गजेंद्र यादव, सलमान अली, रमेश शर्मा, सुनील घोष, प्रमोद शर्मा, उमेश जोशी, हिमांशु, अभिषेक कुमार सहित अन्य फोटो जर्नलिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पराशर, रामपाल रघुवंशी, मौहम्मद आजाद, सुरेश चौधरी, रिंकू यादव, इकबाल चौधरी, अभिमन्यु पाण्डेय, हरवीर चौहान, विनोद शर्मा, निर्मेष त्यागी, धर्मेन्द्र चंदेल, संतोष सिंह, वीके मलिक, दिनेश शर्मा, निरंकार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहें।

# ३३वीं वाहिनी पीएसी में हाफ मैराथन का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी के निर्देशानुसार अमृत सप्ताह के कार्यक्रमों की श्रंखला में दिनांक 16.08.2022 को राजगढ़ स्थित 33 वी वाहिनी पीएसी के सेनानायक के.पी. यादव के निर्देशन में परेड ग्राउंड पर पीएसी परिवार के बच्चों की 2.5 कि0मी0 हाफ़ मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया, सेनानायक द्वारा हरी झंडी दिखा कर दौड़ का शुभारंभ किया गया। दौड़ में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण कर जीत की बधाई दी। हाफ मैराथन में सहायक सेनानायक कर्ण सिंह यादव , शिविरपाल विजय राज सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक अरविंद कुमार राय एवं समस्त अधि0/कर्म0 उपस्थित रहे।



# जन्माष्टमी के अवकाश में हुआ बदलाव

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन जितेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार 19 अगस्त 2022 को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जन्माष्टमी का त्योहार 18 अगस्त 2022 दिन गुरुवार के स्थान पर 19 अगस्त 2022 शुक्रवार को मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। अतः जन्माष्टमी के त्योहार के लिए 18 अगस्त 2022 के स्थान पर 19 अगस्त 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# इलाइट चौकी पुलिस ने खोज निकाले 6 मोबाइल नगदी एवं अन्य सामान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** सेना और पुलिस की तैयारी कर रहे कई छात्र नवाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत रेल्वे इंस्टिट्यूट फिजिकल ट्रेनिंग करने आते है जिनमें तक आसपास के जंगल और झाडियों में बैग की तलाश की, 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बैग बरामद कर लिया एवं सुबह सभी छात्रों को बुलाकर उनका सामान उनके



से 6 छात्रों सचिन झाँ, प्रदीप अहिरवार, अंश शर्मा, आजाद अहिरवार, ऋशांक गौतम, रितिक शाक्य ने ट्रेनिंग को जाते समय एक बैग में अपने मोबाइल, कुछ नकदी और अन्य जरूरी सामान रख दिया और भूलवश बैग किस स्थान पर रखा था यह भूल गये। काफी खोजबीन के बाद देर शाम इसकी सूचना इलाइट चौकी प्रभारी अश्वनी दीक्षित को दी, इलाइट चौकी प्रभारी अश्वनी दीक्षित आरक्षी कृष्णकांत तिवारी और आरक्षी विजय करन के साथ रेलवे इंस्टिट्यूट पहुँचे और काफी देर सुपुर्द किया गया। अपना खोया सामान प्राप्त कर सभी छात्र पुलिस की तारीफ करते नजर आये। सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में फिजिकल ट्रेनर देव रावत ने बताया कि वह काफी समय से सेना व पुलिस की फिजिकल ट्रेनिंग की तैयारी कराते हैं कल शाम से बच्चों के मोबाइल व अन्य सामान गायब हो जाने से सभी का मन निराश था लेकिन आज सुबह जब सभी का सामान सकुशल वापिस मिल गया तो छात्रों के चेहरों पर खुशी वापस आ गई हम सभी पुलिस का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

# बहुराष्ट्रीय कंपनी की महिला मैनेजर ने फंदा लगा जान दी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर-100 में बहुराष्ट्रीय कंपनी की मैनेजर ने गुरुवार रात को घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



महिला ने करीब चार वर्ष पूर्व एक गैर बिरादरी के युवक से प्रेम विवाह किया था। ए28 वर्षीय अंजलि कौशिक परिवार के साथ सेक्टर-100 में रहती थी। मूलरूप से हरियाणा के सोनीपत की रहने वाली अंजलि बहुराष्ट्रीय कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उसने रात को घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जब दरवाजा खोला तो महिला का शव फंदे से लटका था। तभी घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसका पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया गया। अंजलि ने करीब चार वर्ष पूर्व गाजियाबाद लोनी के रहने वाले दीपक कसाना नाम के युवक से प्रेम विवाह किया था। पुलिस महिला के पति से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान उसके पति ने बताया है कि जब अंजलि ने अन्तर्जातीय विवाह किया था, तब से उसके परिजन उससे संपर्क नहीं रखते थे। इससे वह तनाव में रहती थी।

# सपा ने नेता जी सुभाष चंद बोस की पुण्यतिथि मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी नोएडा ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 102 स्थित भंगेल व्यापार सभा कार्यालय में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर



पर सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे एवं व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाष चंद्र बोस ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी बहुत प्रचलित हुआ। नेता जी के नाम से मशहूर सुभाष चंद बोस ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने सुप्रीम कमांडर के रूप में सेना को संबोधित करते हुए दिल्ली चलो का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इम्फाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। कृतज्ञ राष्ट्र के हृदय में सदा अमर रहेंगे इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि 21अक्टूबर 1943 को सुभाष चंद बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से भारत की अस्थाई सरकार बनाई जिसे जर्मनी,जापान, फिलीपींस, कोरिया,चीन,इटली, मानचुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। अमर सेनानी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ । इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, पुष्पेंद्र बंसल, विनोद राज, सौरभ जिंदल , मनोज गौतम, सुबोध गोयल, रेशमपाल,आदित्य, प्रशांत, हैप्पी त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# नींद न आने पर 16वीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** क्रॉसिंग रिपब्लिक की पंचशील वेलिंगटन सोसाइटी की 16वी मंजिल से कूदकर 65 वर्षीय रिटायर्ड सीनियर सेक्शन सुपरवाइजर ने आत्महत्या कर ली। वह करीब एक महीने से नींद न आने के चलते परेशान थे। मिली जानकारी के अनुसार नोएडा की क्रॉसिंग रिपब्लिक की पंचशील वेलिंगटन सोसायटी की 16वी मंजिल के फ्लैट में एमटीएनएल से सीनियर सेक्शन सुपरवाइजर के पद से रिटायर्ड 65 वर्षीय विनोद शंकर अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके बेटे विक्रांत ने बताया कि करीब एक महीने से पिता को नींद नहीं आ रही थी। वह थोड़े बहुत बीमार भी चल रहे थे। जिसके चलते वह अक्सर रात में फ्लैट से निकलकर बालकनी में घूमते रहते थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की रात करीब 3 बजे की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तहकीकात करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर नोएडा के फोटोजर्नलिस्ट लगाएंगे भव्य फ़ोटो

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** शुक्रवार को वर्ल्ड फोटोकॉपी डे पर नोएडा मीडिया क्लब के तत्वाधान में नोएडा और दिल्ली के तमाम फोटोजर्नलिस्ट नोएडा में एक भव्य फोटो प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रहे हैं। सेक्टर 2 के आईआईपी अकादमी में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एल वाई द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारी रिंकू यादव ने बताया कि इस प्रदर्शनी में दिल्ली और नोएडा के कुल 16 फोटोजर्नलिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे इन प्रति भागियों द्वारा ली गईं दो-दो तस्वीरों को प्रदर्शनी में लगाया जाएगा। ये तीन दिवसीय फ़ोटो प्रदर्शनी 19 से 21 अगस्त 2022 नोएडा सेक्टर 02 स्थित आईआईपी अकेडमी में आयोजित हो रही है। जिसका शुक्रवार दोपहर 12 बजे विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।
आयोजन की तैयारियों पर विशिष्ट अवलोकन के दौरान क्लब के अध्यक्ष पंकज पराशर ने कहा कि ये विशेष आयोजन पूरी तरह छायाकारों को समर्पित है। खबरों की कवरेज के दौरान छायाकार बंधुओं को तमाम दिक़्क़तों को झेलते हुए भी अपनी रचनात्मकता को सिद्ध करना होता है। एक बेहतर फ़ोटो ही किसी खबर को सार्थक करता है। यही नहीं कई बार अकेला फ़ोटो ही अपने आप में खबर होता है। ये सिर्फ छायाकारों की मेहनत से ही हो पाता है। आगामी आयोजन में जिस तरह सभी पत्रकार और छायाकार एक दूसरे के साथ सामंजस्य और सहभागिता की मिसाल पेश कर रहे हैं ,वो प्रसंशनीय है।
इस फोटो प्रदर्शनी मे हिस्सा लेने वालों मे मुख्य रूप से सुशील अग्रवाल,ईश्वर चंद,वीरेंद्र सिंह, प्रेम बिष्ट,के आशिफ,राजन राय, सौरभ राय, मनोहर त्यागी, गजेंद्र यादव,सलमान अली, रमेश शर्मा, सुनील घोष,प्रमोद शर्मा,उमेश जोशी, हिमांशु और अभिषेक कुमार आदि रहेंगे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों मे तैयारियां जोरो पर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सभी मंदिरों मे तैयारियां जोरो पर है। आज हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल ने नोएडा के सेक्टर 33 इस्कान मंदिर पर जानकारी ली तो पता चला कि सुबह भगवान श्री कृष्ण जी का अभिषेक होगा फिर पूजा अर्चना शुरू होगी शाम को भक्तों के लिए कयी गेट बनाए गए हैं ताकि किसी को असुविधा न हो सके। वीआइपी लोगों के लिए अलग गेट बनाए गए हैं। आयोजकों का कहना है कि इस बार भक्त गणो की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है इसलिए सभी इन्तजाम किये गये हैं। सेक्टर 19 के सनातन धर्म मंदिर में भी व्यवस्था हो चुकी हैं। मंदिर को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया है। सेक्टर 82 पाकेट 7 के शिव मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। शाम को 8 बजे से 12 बजे तक कीर्तन भजन का आयोजन किया गया है। फिर आरती एवं धनिया पंजीरी ,माखनलाल मिश्री, चरणामृत एवं केले का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# राजामौली के पिता ने किया चौंका देने वाला खुलासा, कहा- मुझे लगता था संगठन ने गांधी को मार डाला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** यदि आरएसएस नहीं होता तो कश्मीर न होता पाकिस्तान में विलय हो जात और फिर लाखों हिंदू मारे जाते यह बात बाहुबली और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लेखक और एस एस राजामौली के पिता विजयेंद्र प्रसाद ने कही। दरअसल, हाल ही में विजयेंद्र प्रसाद, विजयवाड़ा में आयोजित आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य राम माधव की पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान विजयेंद्र प्रसाद ने आरएसएस पर फिल्म और वेब सीरीज लिखने की घोषणा की। उन्होंने कहा, मैं आप सभी के सामने कुछ कबूल करना चाहता हूं। तीन-चार साल पहले तक मैं आरएसएस के बारे में ज्यादा नहीं जानता था। मुझे लगता था कि आरएसएस ने गांधी को मार डाला। लेकिन जब मुझ आरएसएस पर फिल्म लिखने को कहा गया तब मैं नागपुर गया और मोहन भागवत से मिला। मैं वहां एक दिन रुका और पहली बार समझा कि आरएसएस क्या है। मुझे बहुत पछतावा हुआ कि मैं इतने लंबे समय



तक इतने बड़े संगठन के बारे में नहीं जानता था। उन्होंने आगे कहा, अगर आरएसएस नहीं होता, तो कश्मीर नहीं होता, यह पाकिस्तान में विलय हो जाता। और पाकिस्तान की वजह से लाखों हिंदू मारे जाते विजयेंद्र प्रसाद ने आगे कहा, मैं आप सभी को एक अच्छी खबर देना चाहता हूं, मैं जल्द ही काम शुरू करने जा रहा हूं। मैं आरएसएस पर एक फिल्म और एक वेब सीरीज बना रहा हूंङ्क। उन्होंने कहा, ठआरएसएस ने एक गलती की है, जो जनता को अपने बारे में नहीं बताना है। इस कमी को जितना हो सकेगा मैं पूरा करूंगा। मैं वादा करता हूं कि मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि हम सभी आरएसएस की महानता पर गर्व कर सकें बता दें कि कंगना रणौत ने विजयेंद्र के कश्मीर पर कहे गए कथन को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया विजयेंद्र प्रसाद के कोट को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करते हुए लिखा, अगर आरएसएस नहीं होता, तो कश्मीर नहीं होता, यह पाकिस्तान में विलय हो जाता। मुझे बहुत पछतावा हुआ कि मैं इतने लंबे समय तक इतने बड़े संगठन के बारे में नहीं जानता था। आरएसएस ने एक गलती की है, जो जनता को अपने बारे में नहीं बताना है। इस कमी को जितना हो सकेगा मैं पूरा करूंगा।

# बिलकिस बानो मामले के दोषियों का स्वागत होने पर भड़कीं उर्फी जावेद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** बोलीं- ऐसा देश जहां उर्फी जावेद अक्सर ही अपने बयानों और फैशन सेंस को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। इसके साथ ही उर्फी देश में चल रहे मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखती हैं, जिसके चलते कई बार वह ट्रोल्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। इस बार उर्फी जावेद गुजरात के चर्चित बिलकिस बानो मामले को लेकर भड़क गईं और सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपना गुस्सा जाहिर किया। दरअसल, हाल ही में बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों को जेल से रिया किया गया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन तस्वीरों में दोषियां का जेल से रिहा होने पर स्वागत किया जा रहा है, जिसको लेकर लोग आग बबूला हो गए हैं। उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि निभय्या के लिए कैंडल मार्च निकाला गया और बिलकिस बानो के लिए विक्ट्री मार्च। इसमें बिलकिस बानो के केस दोषियों का परिवार उनका स्वागत करता नजर आ रहा है। उर्फी ने स्टोरी के साथ लिखा, 'भारत में आपका स्वागत है, जहां एक पूरे परिवार का रेप करने के बाद आपका फूलों के साथ स्वागत किया जाता है। इसके साथ ही उर्फी ने एक और स्टोरी शेयर की है, जिसमें गोधरा के भाजपा विधायक राउलजी का बयान है जो दोषियों को ब्राह्मण और अच्छे संस्कार वाले बता रहे हैं। इस पर उर्फी ने लिखा, 'तो इसका मतलब है कि अच्छा ब्राह्मण होना आपको किसी का रेप करने और उससे बाहर निकलने का टिकट दे देता है। 75वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। बता दें कि 2002 में गुजरात दंगों के दौरान 11 लोगों ने बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। 2008 में कोर्ट ने 11 लोगों को दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन 14 साल की सजा काटने के बाद गुजरात सरकार ने 15 अगस्त के दिन सभी दोषियों को माफी देखकर रिहा कर दिया है। इस फैसले को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है।



# कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की बेटी अंतरा ने किया था यह दिलेर काम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** आप भी करेंगे बहादुरी की तारीफकॉमेडियन राजू श्रीवास्तव खराब तबीयत के कारण पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती है।



उनकी हालत काफी गंभीर है। दिल का दौरा पड़ने की वजह से कॉमेडियन को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर डॉक्टर्स ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। डॉक्टर्स की एक पूरी टीम उनके इलाज में लगी हुई है। राजू श्रीवास्तव के फैंस और शुभचिंतक उनके लिए दुआएं मांग रहे हैं। इस बीच कॉमेडियन को लेकर कुछ गलत अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। राजू श्रीवास्तव के परिवार की ओर से इन अफवाहों पर यकीन न करने की अपील की जा रही है। ऐसा कहने वालों में कॉमेडियन की बेटी अंतरा श्रीवास्तव भी हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान अंतरा श्रीवास्तव ने कहा, 'पापा की हालत स्थिर है। डॉक्टर्स की टीम लगातार उन्हें बेहतर उपचार दे रही है।' आपको बता दें कि राजू श्रीवास्तव की तरह उनकी बेटी भी फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। जी हैं, अंतरा श्रीवास्तव ने न सिर्फ एक्टिंग में हाथ नहीं आजमाया है, बल्कि वह प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतरा श्रीवास्तव की उम्र 28 वर्ष है। अंतरा ने अपनी स्कूली पढ़ाई मुंबई के ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल से की है और उन्होंने मुंबई के ही एचआर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स से मॉस मीडिया इन एडवर्टाइजिंग की डिग्री ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतरा अभी अविवाहित हैं। अंतरा भी अपने पिता की तरह प्रतिभाशाली हैं। वर्ष 2006 में अंतरा को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के निवास पर नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड दिया गया था। अंतरा को यह पुरस्कार दिए जाने के पीछे का वाकया बड़ा दिलचस्प है, जिसे सुनकर आप भी अंतरा की तारीफ किए बिना नहीं रह सकेंगे। दरअसल, अंतरा ने अपने घर में घुसे दो चोरों से अपनी मां को बचाया था। उस वक्त उनकी उम्र महज 12 वर्ष थी।

# करियर के शुरुआत में रेस्टोरेंट में किया काम, सरबजीत के लुक के लिए दांव पर लगा दी थी जान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड में कई अभिनेता ऐसे हैं, जिन्होंने पर्दे पर जितने भी किरदार निभाए उनके जरिए उनके खूब सुखियां बटोरीं। ऐसे ही एक अभिनेता हैं रणदीप हुड्डा। साहिब बीबी और गैंगस्टर, सरबजीत, हाईवे, सुल्तान जैसी



फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके हरियाणा के रणदीप हुड्डा बॉलीवुड के ऐसे अभिनेता हैं जो हर रोल के जरिए फिल्म में जान डाल देते हैं। अभिनेता चाहे लीड रोल में हों या साइड रोल में उनका हर किरदार अपने आप में खास होता है। 20 अगस्त को अभिनेता अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको उनसे संबंधित कुछ दिलचस्प बातें बताते हैं- हरियाणा के रोहतक जिले के रहने वाले रणदीप का जन्म साल 1976 में हुआ था। उनके पिता पेशे से एक सर्जन हैं और मां सोशल वर्कर। जब रणदीप 8 साल के थे तो उन्हें परिवार ने उनको सोनीपत के एमएनएसएस बोर्डिंग स्कूल भेज दिया था। उन्होंने अपनी पढ़ाई वहीं से पूरी की। उसके बाद उनका दाखिला दिल्ली के प्रतिष्ठित आरके पुरम में हुआ। उसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया शहर में चले गए। वहां उन्होंने मार्केटिंग और मास्टर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की। ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान रणदीप ने चाइनीज रेस्टोरेंट में काम किया, गाडि़यां साफ कीं और यहां तक कि टैक्सी भी चलाई। 2 साल बाद वह भारत लौटे और उनको एयरलाइन्स के मार्केटिंग डिपार्टमेंट में नौकरी मिल गई। रणदीप के अपना बॉलीवुड डेब्यू साल 2001 में मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग से किया था। इस फिल्म में उन्होंने एनआरआई का किरदार निभाया था। मानसून वेडिंग में एक दमदार किरदार निभाने के 4 साल बाद उन्हें दूसरा प्रोजेक्ट मिला। इसके बाद साल 2005 में अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्म डी के जरिए रणदीप ने काफी सुर्खियां बटोरी। ये फिल्म रणदीप के करियर की टर्निंग प्वाइंट थी।

# कॉमेडियन ही नहीं संगीत के अच्छे जानकार भी हैं जाकिर खान, जन्मदिन पर जानें उनसे जुड़ी खास बातें


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** कॉमेडियन-एक्टर जाकिर खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक उन्हें उनकी यूनिक कॉमेडी की वजह से पहचाना जाता है। वह हर साल 20 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाते हैं। उनका



जन्म मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। हालांकि उन्होंने अपने जिंदगी का ज्यादा वक्त दिल्ली में गुजारा है। आज उनके जन्मदिन पर हम आपको उनसे जुड़ी कुछ अनसुनी बातें बताने जा रहे हैं। कॉमेडियन-एक्टर जाकिर खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक उन्हें उनकी यूनिक कॉमेडी की वजह से पहचाना जाता है। वह हर साल 20 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाते हैं। उनका जन्म मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। हालांकि उन्होंने अपने जिंदगी का ज्यादा वक्त दिल्ली में गुजारा है। आज उनके जन्मदिन पर हम आपको उनसे जुड़ी कुछ अनसुनी बातें बताने जा रहे हैं। जाकिर खान की लोकप्रियता का अंदाजा उनके सोशल मीडिया पर उपस्थिति से लगाया जा सकता है। यूट्यूब पर उनके वीडियोज अक्सर ट्रेंड करने लगते हैं। इसके अलावा इंस्टाग्राम पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। इंस्टा पर उन्हें 46 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। उनके हर पोस्ट पर लाखों लाइक्स आते हैं। जाकिर की असली पहचान स्टैंड-अप कॉमेडी की वजह से है। वह देश सहित विदेशों में भी कई शोज कर चुके हैं। दूसरे देशों में भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। जब भी वह किसी अन्य देश में शो करते हैं तो शो की टिकट तुरंत बिक जाती हैं। इसके अलावा वह एक्टिंग में भी अपना हाथ आजमा चुके हैं। अब तक वह दो वेब सीरीज में नजर आ चुके हैं। अमेजन प्राइम पर उनकी वेब सीरीज 'चाचा विधायक हैं हमारे' काफी हिट हुई थी। इस शो में उनकी एक्टिंग काफी पसंद की गई थी। इस सीरीज के दूसरे सीजन में भी उन्होंने अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता था।

# तापसी की 'दोबारा' को गुजराती फिल्म ने दी पटखनी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** कार्तिकेय 2' की कमाई में जबरदस्त उछालबॉक्स ऑफिस पर इन दिनों बॉलीवुड की फिल्में जहां औंधे मुंह गिर रही हैं, तो क्षेत्रीय फिल्में कमाल कर रहे हैं। बड़े बजट में बनी बॉलीवुड फिल्मों को साउथ की फिल्में तो धूल चटा ही रही थी, अब गुजराती फिल्म 'फकत महिलाओ मेट' ने अपने ओपनिंग डे पर ही तापसी पन्नू की 'दोबारा' को पटखनी दे दी है। वहीं, 'लाल सिंह चड्ढा' और 'रक्षा बंधन' का भी बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है। इसके अलावा तेलुगू फिल्म कमाई जारी है। गुरुवार को जहां फिल्म ने 3.84 करोड़ का कलेक्शन किया था, तो शुक्रवार को इसकी कमाई में जबरदस्त बढ़त देखने को मिली है। 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 'लाल सिंह चड्ढा' और 'रक्षा बंधन' को पीछे छोड़ दिया है। सातवें दिन फिल्म ने 6 करोड़ रुपये कमाए लिए हैं और अब इसका कुल कलेक्शन 36.20 करोड़ रुपये हो गया है। ऐसे में सात दिनों मे ही 'कार्तिकेय 2' ने अपनी लागत निकाल ली है। तापसी पन्नू की फिल्म 'दोबारा' की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत ही धीमी हुई है। कमाई भी 35.5 करोड़ रुपये हो गई है 'गालीपता 2' के कारोबार में आठवें दिन बढ़त देखने को मिली है। मंगलवार से फिल्म का कलेक्शन जहां गिरता जा रहा था, उसमें शुक्रवार को इजाफा हुआ है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने आठवें दिन 1.44 करोड़ रुपये कमाए हैं, वहीं सातवें दिन इसकी कमाई 1.31 करोड़ रुपये थी। ऐसे में अब फिल्म का कलेक्शन 25.06 करोड़ रुपये हो गया है। कुंचको बोबन की फिल्म 'नन ठान केस कोदू' के कलेक्शन में भी कमी आई है। फिल्म ने गुरुवार को 1 करोड़










'कार्तिकेय 2' की ताबड़तोड़ कमाई जारी है। तो चलिए बताते हैं कि शुक्रवार को किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारी और कौन ढेर हो गई। आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो रही है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक है। फिल्म ने गुरुवार को 1.95 करोड़ रुपये कमाए थे, तो शुक्रवार को इसकी कमाई में गिरावट आई है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 1.60 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 53.94 हो गई है। रक्षा बंधन' इस साल रिलीज हुई अक्षय कुमार की तीसरी फिल्म थी, जो भी बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई। भाई-बहन के रिश्ते को दर्शाती इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। शुक्रवार को आए शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से फिल्म की कमाई दिन-ब-दिन गिरती जा रही है। नौवें दिन फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये कमाए हैं। ऐसे में 70 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अब तक 41.30 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। निखिल सिद्धार्थ की तेलुगू फिल्म 'कार्तिकेय 2' की बॉक्स ऑफिस पर धुंधाधार अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म को पहले ही दिन से दर्शकों का बढि़या रिस्पांस नहीं मिल रहा है। 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया था, तो दूसरे दिन इसकी कमाई 50 लाख रुपये ही रही। ऐसे में फिल्म की कमाई अब 1.10 करोड़ रुपये हो गई है। गुजराती फिल्म 'फकत महिलाओ मेट' ने अपने ओपनिंग डे पर ही नया रिकॉर्ड बना लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया है, जो 2022 में रिलीज हुई किसी भी गुजराती फिल्म से ज्यादा है। इसके अलावा फिल्म ने तापसी पनन्‍ू की 'दोबारा' को भी पीछे छोड़ दिया है। जय बोदास के निर्देशन में बनी इस फिल्म से अमिताभ बच्चन भी कैमियो करते नजर आए हैं। कार्थी स्टारर विरुमन की कमाई में भी उछाल देखने को मिला है। गुरुवार को जहां फिल्म ने 84 लाख की कमाई की है, तो शुक्रवार को इसकी कमाई बढ़ गई है। एम. मुथैया के निर्देशन में बनी 'विरुमन' ने आठवें दिन 1.02 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म की का कारोबार किया था, तो अब शुक्रवार को आए आंकड़ों के हिसाब से इसकी कमाई में गिरावट आई है। नौवें दिन फिल्म ने 8 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह से फिल्म की कुल कमाई 11.65 करोड़ रुपये हो गई है।

# फिल्म निर्माता की मां की शोक सभा में अजय देवगन नहीं आए नजर इन सितारों ने दी अंतिम विदाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड के निर्माता कुमार मंगत की मां विमला देवी पाठक ने 16 अगस्त को 88 साल की उम्र आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार 17 अगस्त को ओशिवारा श्मशान भूमि में किया गया। शुक्रवार को उनकी आत्मा की शांति के लिए मुंबई के उपनगर अंधेरी पश्चिम के रहेजा क्लासिक क्लब में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भजन का आयोजन किया गया। कुमार मंगत पाठक और उनके परिवार को सांत्वना देने के लिए निर्माता- निर्देशक सुनील दर्शन,लव रंजन, विशाल भारद्वाज, नारायण सिंह, विनोद बच्चन, इंद्र कुमार, रूमी जाफरी, अशोक पंडित, टी सीरीज के भूषण कुमार, अभिनेता जैकी भगनानी जैसे कुछ चिरपरिचित चेहरे ही नजर आए। जिन्होंने दुख की इस घड़ी में कुमार मंगत पाठक और उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दिया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। विशाल भारद्वाज तो पांच मिनट के लिए आए और निकल गए । लम्बे समय तक अजय देवगन के सहयोगी रहे कुमार मंगत पाठक ने साल 2006 की फिल्म 'ओमकारा'



से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरुआत की। कुमार मंगत ने पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले अब तक अक्षय कुमार स्टारर 'स्पेशल 26' 'शिवाय' 'ऑल द बेस्ट 'सिंघम रिटर्न्स', 'रेड', 'खुदा हाफिज चैप्टर 2' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। माना जा रहा था कि अजय देवगन इस शोक सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। लेकिन वह नहीं आए, अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए संवेदना पोस्ट शेयर कर दिया। कुमार मंगत पाठक ने अजय देवगन के अलावा, अक्षय कुमार, मनोज बाजपेयी, सैफ अली खान, अनिल कपूर, जॉन अब्राहम , अरशद वारसी, जैसे कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। लेकिन दुख इस घड़ी में उनके साथ कोई खड़ा नजर नहीं आया। कुमार मंगत पाठक की अगली फिल्म 'दृश्यम 2' आने वाली है, जिसका निर्देशन उनके बेटे अभिषेक पाठक ने किया है, वह अपने पिता के साथ फिल्म निर्माण में सहयोगी रहे है। उन्होंने बतौर निर्देशक 'उजड़ा चमन' से अपने निर्देशन पारी शुरू की थी। अब वह अजय देवगन को लेकर 'दृश्यम 2' का निर्देशन कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म 'दृश्यम' का सीक्वल है। जो मलयालम फिल्म की रिमेक थी , जिसमे अजय देवगन श्रिया सरन और तब्बू की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

# मांग में सिंदूर लगाए ब्लैक साड़ी में सपना चौधरी ने ढाया कहर, कातिलाना स्माइल ने लूटी महफिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली ।** डांसिंग क्वीन सपना चौधरी अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें सपना ने ब्लैक साड़ी पहनी हुई है। हरियाणा की डांसिंग क्वीन सपना चौधरी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सपना अपने एक



मूव से इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं और उनकी हर नई तस्वीर पर फैंस ढेर सारा प्यार लुटाते हैं। वही, अब सपना ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका ट्रेडिशनल अंदाज फैंस का घायल करने का काम कर रहा है और उनकी अदाएं भी हर किसी को दीवाना बना रही हैं। सपना चौधरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अलग-अलग अंदाज में खड़ी होकर पोज दे रही हैं। कुछ फोटोज में सपना चौधरी का क्लोज अप लिया गया है और कुछ में डांसर का पूरा लुक दिख रहा है। तस्वीरों में सपना ने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई हैं और उनके चेहरे पर कातिलाना स्माइल है। स्मोकी आई वाला मेकअप और मांग में सिंदूर लगाए सपना काफी सुंदर लग रही हैं। इन तस्वीरों के साथ सपना चौधरी ने कैप्शन में लिखा, 'हां हमें काला बेहद पसंद है। मगर दिल में नहीं।' इन तस्वीरों पर फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। हर किसी ने सपना चौधरी को गॉजियस, स्टनिंग बताया है। कई फैंस ने सपना से रिप्लाई करने की मांग भी की है। बता दें कि अपने डांस से लाखों दिलों पर राज करने वाली सपना चौधरी का बहुप्रतीक्षित गाना 'मटक मटक' आखिरकार रिलीज हो चुका है। फैंस को इस गाने का लंबे समय से इंतजार था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहली बार इस म्यूजिक वीडियो में सपना भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ नजर आई हैं। गाने का टीजर सामने आने के बाद से ही दोनों के फैंस को इसका बेसब्री से इंतजार था। इस गाने पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया है। .

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीटयूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, बेकिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

**नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।**

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274